tvkjh g] pkj g] yQx g] QDdM fdLe d ykx gA exj dgu yx ^ukVd ukV;/ke e g vkiu ykd/ke e fd;kA NÙkh lxf<;k dk ydj vk, vkj mul djok;k**A ml oDr e N% vknfe;k dk ydj vk;k FkkA ; pDdj vthc gA uthj d lkFk Hkh ;gh tYe gkrk jgk gA tcku d flyfly e vkj bCr tky d ukrA

ekyoh vCny gd] bru eDrk&pDrk vkneh] eLrfdy ijgtnkj] ikp&oDrk uekth] bru cM vkfyeA mudh fnekx dh dekfu;k bruh [kyh gb Fkh d ok ehj ;k uthj dh [kkukijh dju cBr Fk rk dN vYQkt d bLreky ij [kkukijh djr jgr FkA ,d teku e ok ,d fjlky fudkyr Fk ccb;k tcku eA mUgku ccb;k tcku d ,d 'kk;j dk n;k¶r fd;k vkj dgk ^^ gj ekuk e bldk dlkVh ij j[k d n[k fy;k gA ;g ccb;k tcku dk QDdM 'kk;j gA reke dk;n&dkuu d erkfcd mlu cgrjhu xty dgh gA xty ; Fkh&

e nk: ihdj vkt xVj e iMyk gA
yQMk fd;k rk e Hkh cMk lj fQjyk gA
dCch rk n[k yuk ckMh l >kd d
e >kM dh rjg lMd ij x<yk gA

rk ekykuk vCny gd gh dk ;g fdLlk Fkk d ,l 'kk;jk dk n;k¶r djuk] mudk Nkiuk vkj mudh tk udkr g] ckjhfd;k tk g] mldh ukf'kxkfQ;k djukA

vc ^bLrykgkr i'kkojkuk* & ;g ,d ,lh fdrkc g ftld cxj e *vkxjk cktkj* ugh fy[k ldrk FkkA blfy, d reke fnYyh dh vkokt ftldk fetk QjgrmYyk cx u tek fd;k g mul bLrQknk gkfly djuk FkkA ekykuk tk dj iNr Fk ekph l] pekj l] yxku cuku oky l d bldk D;k dgr gk reA mldk D;k dgr gk] Qyk itd fy, vkj dku&lk y¶t g rEgkj ikl A i'kojk l iN dj vYQkt d pkj Hkkx fudkyA vc tc Hkh xku fy[ku oky dk ;k dgkuh fy[ku oky dk t:jr gk] vkj ok [kn viu vki ftnxh d bru djhc ugh gk rk ok bl fdrkc d ukr ;g lc dN gkfly dj ldrk gA

rk ; tk gekjk dYpj g bl ge mn e ldkQr] rgthc] rennu Hkh dgr gA yfdu dN y¶t ,l g ftudk cnyk ugh tk ldrkA rk dYpj Hkh ,lk gh y¶t g] mn oky Hkh dYpj dk dYpj gh dgr gA eu dgk bld vnj rk cgr l lLdkj Hkh 'kkfey gA rk fdlh u dgk d bldk eryc rk etgc gk x;kA rk eu dgk d etgc Hkh rk dYpj dk ,d fgLlk gA lkj etkfgc dh tk lkjh fjok;r vkj rkj rjhd g ok Hkh dYpj d vnj 'kkfey gku pkfg,A dYpj lc dk yiV yrk gA mUgku dgk ^^ugh flQ fgn /ke e tk lLdkj g mldk rkYyd y¶t ^lLdkj* l gA** eu dgk ejk [k;ky

, lk ugh gA lLdkj dk eryc g lkgj tk cPp d tUe d oDr xkr g] ;k vkj rkj rjhd] e lyekuk d] fgnvk d] fejkfl ;k d] ; lkj d lkj lLdkj g vkj ; lc dYpj dk ,d fgLlk gA tjkvkr d rjhd] [kkuk&ihuk] igukok] vk<uk ;g lc dYpj gA tMh&cfV;k l ge tk nok, cukr g ; lc gekj dYpj dk fgLlk gA yfdu ftl rjhd l dYpj dk rgk¶Qt gekjh ljdkj dju e yxh g& D;k geu ljf{kr dj fy;k viu dYpj dk\ ,d egdek [kky fn;k g] dN ;kxnku dN vunku n fn;k djr g iQkfex vkVl dkA rk ukp xkuk vkj Mkek gh dYpj ugh gA dYpj egt tcku rd Hkh egnn ugh gA gekjk lkjk rjhd, g;kr] gekjk thu dk <x gekjk dYpj gA rk fQj D;k lj{kk gk jgh g] bl rjg d Vyhfotu uVod d pyr\ Qh ,dll V n eYVhu'kuy puYlA cjcknh eDdey gk dj jgxh dYpj dh] tckuk dh] gj ph t dh vxj ;g nLrj dk;e jgxkA mn d lkFk tk tYe gvk ok rk ge lc tkur gA vc rk cl ,e-,- vkj ih-,p-Mh- d fy, i<ku dk ek/;e gh jg xb gA ,d 'kgj D;k] ,d egYyk Hkh ugh dg ldrk fd ;gk dh tcku mn gA ftruh cjcknh eefdu gk ldrh g] ok dju okyk u dj nhA yfdu [kn Hkh viu ijk i dYgkMh ekju e yx g, gA ckypky dh reke tckuk e pkg ok ejkBh gk] cxkyh gk] fgnh gk mul lkr fey g, gA fgnh gh dh felky yh tk, d cky&pky dh tcku NkM d ,d rgjhj dh] fyf[kr tcku vyx ink gk jgh g& ljdkjh tckuA vkj Hkh deky dh ckr ;g g fd tk fyf[kr Hkk"kk g ok vc ckypky dh Hkk"kk curh tk jgh gA dgh Hkh] fdlh Hkh tcku e ,lk ugh gvk gA exfjch tckuk e Hkh ,lk ugh gvk d ckypky dh tcku bl dnj nj gV tk, fyf[kr tcku lA gekj ;gk gk jgk g vkj le> e ugh vkrk D;k ,lk gkuk pkfg,A yfdu ; le> e vkrk g fd ckã.kk u dgk d 'kn d dku e lLÑr d 'kCn dh /ofu Hkh u igpA tkfgj g d Vh-oh- d fy, ;k jfM;k d fy, ;k fdlh vkj ljdkjh egde e dke dju d fy, ,d [kkl fMxh D;k u gkfly dj yA mlh rjg dh ljdkfj;r e D;k u 'kkfey gk tk,] tcku d ,rckj l vkj gj nlj ,rckj lA ugh rk vki ckã.k dl gkx\ ml oDr rd vki 'kn gh jgxA pkg vki fdru gh ltukRed D;k u gk\ pukp vki vui< vkneh d gkFk e fjdkMj nr g d re fjdkM djkA ok cMh rktxh ydj vk,xk] vxj mld ikl dYiuk g] r[kbmYy gA rkyhe d futke l xtju d ckn r[kbmYy ink gk] ,lk rk ugh gkrkA gk] rkyhe rk vkidk cgr lkjh [kcljr ph t nrh gA ,d oKkfud nf"V nrh g] ,d nfu;k d ckj e uDr, utj i'k djrh gA dekfu;k [kyrh g vki d fnekx dhA yfdu rkyhe vkidk dYiuk rk ugh n nrhA dYiuk d Åij rky Mky tk jg gA dejk pyku d fy, flok dYiuk d fdlh ph t dh t :jr ugh gA lVykbV Vh-oh- d lkFk&lkFk ;g Hke d ge dYpj dh fgQktr dj jg g] mldh lj{kk e yx g] mldk rgkQt dj jg gA ; reke ph t gA

eu tk nk&rhu pht crkb g ok ejh miyfC/k gb g cl bruk gh gkfly fd;k g eu] bl l T;knk vkj dN ughA rjhd, dkj ejk bikokbt'ku jgk gA mldk nkjkenkj vnkdkj d viu r[kbmYy ij Hkjklk dju l rkYyd j[krk gA etcjh ; Fkh d vui< dykdkjk d lkFk tc lkcdk iMrk g] tl d e> iMk Fkk] rk dkb vkj olhyk jg ugh tkrk Fkk mudh jguekb d fy, flok, bikokbt'ku d! fQj eu n[kk d bikokbt'ku tk cgkyr etcjh] t:jr d ekrgr djokuk iMk ok ,d vPNk [kklk rjhdk gA bll cgr dN gkfly gkrk g vkj Mkek fd;k tk ldrk gA ftl ge lei.k dgr g vkj ftldh ljkguk dh tkrh g vkj ej gh flyfly e cgr l cM vPN&vPN vYQkt bLreky fd, FkA e> rk ;g gh le> e vkrk g d ,d vkneh dk vxj dkb dke dju e yRQ vkrk g vkj ok mldk djrk gh jgrk g rk ljkguk Hkh gk tkrh gA pkg ok pkjh gh gA ohjliu dh felky vkid lkeu g] ,d vthc fcEc vkid lkeu g d ok cMk Hkkjh dkb ghjk gA bll T;knk e> mldh gfl;r utj ugh vkrhA oQknkjh c'kr mLrokjh&; 'kr g mLrokjh dhA ej vuHko l rhu&pkj pht fudyh gA yfdu ;g ,lh ugh d e dg d ; ,d uL[kk g] rjdhc bLreky fd;k gvk gA vki y yhft, rk vki MkbjDVj cu tk,xA ;k vki Mkekfuxkj cu tk,xA vly e cgr dN pht nk[kyh gkrh gA [kkjth vkj nk[kyh dk tk brtky g r[kyhQ dk bglkc ogh gA pukp gj vkV ,d ek;u e vkRedFkk d leku gA pkg ifVx gk] Mkek gk] uxek ;k xty gkA ; lnkdr vxj c<rh tk jgh g rk mld vnj rjDdh ilnh d lkj igy 'kkfey gA eu vki dk viu 'k: d 1945&48 d teku dh ,d nk pht lukbA vkt e ftl rjg dh pht Mke e bLreky djrk g e ml rjDdh iln le>rk gA

mldh felky e vki dk nuk pkgxkA ; n[k jg g uu dk xhr gA

c[r xhr ugh fy[krk FkkA mld xku mldh 'kk;jh dh otg l cgr mEnk gvk djr FkA mu xhrk dk ik;k cgr cyn gvk djrk FkkA e> Hkh ;g Hke g d ejk tk 'kk;jh dk iletj jgk g mld ukr ukVdk d vnj Hkh e 'kk;jh gh djrk g&ulj e Hkh vkj ute e Hkh& rk bl me e gh dg ldrk Fkk ;g pht tk eu dghA ,d ckj fQj ge ml lu ;g fgjek dh vej dgkuh l gA

¼fnYyh fo'ofo|ky; e 0;k[;ku] 31 vDVcj 2000½

चौथी दीवार के आगे

शमा ज़ैदी

पिछले कुछ दिनों में मैं, 1954 में हबीब तनवीर के साथ अपनी पहली मुलाकात के बाद से, लंबे अर्से में बिखरी उनकी छवियों को याद करती रही हूं। यह ऐसे ही है जैसे आप धुंधली तस्वीरों वाले किसी पुराने खानदानी अलबम के पन्ने पलट रहे हों। मैं हबीब को अपने परिवार के तीन लोगों के साथ उनके रिश्तों के जरिए जानती थी, जो अलग-अलग वक्त पर उनके जीवन में महत्वपूर्ण रहे थे। इनमें पहले थे मेरे झक्की चाचा जुल्फिकार बुखारी, जो आल इंडिया रेडियो के बंबई स्टेशन के डाइरैक्टर थे। 1954 में हबीब अपनी एम ए की पढ़ाई बीच में छोड़कर अलीगढ़ से मुंबई चले आए थे, एक अभिनेता के रूप में बंबई फिल्म उद्योग में जुड़ने के लिए। जुल्फिकार मामू ने उनसे प्रोड्यूसर तथा अभिनेता के रूप में आल इंडिया रेडियो के लिए काम करने के लिए कहा था। मैं नहीं जानती कि यह काम करते हुए हबीब ने रेडियो प्रसारण के बारे में कुछ सीखा या नहीं, लेकिन एक अभिनेता बनने की भूख इससे जरूर बढ़ गयी। और जुल्फिकार मामू के प्रभावित हुए दूसरे बहुत से लोगों की तरह, हबीब ने ठहर-ठहरकर बोलने की उनकी संवाद शैली अपना ली। यह ऐसी चीज थी जो उन्होंने जीवन भर बनाए रखी। कुछ अर्से तक हबीब ने मामू की ''अफ्रीकी'' केश सज्जा को भी अपनाए रखा। बहरहाल, रेडियो में उनका काम करना ज्यादा नहीं चला क्योंकि जुल्फिकार मामू ने 1947 में पाकिस्तान चुना और अपने शहर लाहौर लौट गए। अब हबीब ने तरह-तरह के काम हाथ में ले लिए, फिल्मों के लिए तथा विज्ञापन के लिए लिखना, विभिन्न पत्रिकाओं का संपादन करना और एक अभिनेता बनने के लिए 'स्ट्रगल' करना।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अपनी पीढ़ी के दूसरे बहुत से लोगों की तरह हबीब भी वामपंथी राजनीति से प्रभावित हुए थे और तब से लगाकर हमेशा उनके राजनीतिक

रुख की यही पहचान रही। यह दूसरी बात है कि उन्होंने पार्टी का कार्ड मिलने के कुछ ही बाद, उसे छोड़ भी दिया था। हबीब के बंबई पहुंचने से कुछ ही पहले, इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (इप्टा) की स्थापना होकर चुकी थी। उन्होंने फौरन उसकी गतिविधियों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। वे ऑपेरा हाउस के निकट एक हाल में रिहर्सल किया करते थे और हबीब ने बलराज साहनी तथा दीना पाठक द्वारा निर्देशित नाटकों में काम किया था। मुझे याद है कि उन्होंने मुझे बताया था कि किस तरह वे जेबकतरे और पुलिसवाले की लड़ाई का स्वांग कर के नुक्कड़ नाटक खेला करते थे। यह तमाशा देखने के लिए जो दर्शक जमा होते थे उन्हें इसका पता ही नहीं चलता था कि वे नाटक देख रहे थे और जब तक उन्हें इसका पता चलता था, असली पुलिस भी पहुंच लेती थी और अभिनेता गायब हो जाते थे। जब कम्युनिस्ट पार्टी पर पाबंदी लगायी गयी, इप्टा के कई सदस्यों को जेल में डाल दिया गया या वे भूमिगत हो गए। 1948–50 के दौरान संगठन को चलाने की जिम्मेदारी हबीब पर ही थी। इसके बाद, रणदिवे की कट्टर लाइन ने थिएटर में कुछ भी मानीखेज करना नामुमकिन बना दिया और यह ग्रुप करीब-करीब निष्क्रिय हो गया।

बंबई में हबीब ने **बंबई यूथ लीग** के अंगरेजी मुखपत्र (पत्रिका) का संपादन किया, जिसे उन्होंने मुंबई के फुटपाथों पर बेचा भी। इस उद्यम में उनके शुरूआती सहायकों में से एक, मेरे पति एम एस सथ्यू, मुझे हबीब से जोड़ने वाली उस तिकड़ी के दूसरे व्यक्ति हैं। सथ्यू अपनी पढ़ाई पूरी किए बिना बंगलौर से भाग आए थे और 1951 में बंबई पहुंचे थे। बंबई में वह दो लोगों को ही जानते थे, ख्वाजा अहमद अब्बास और हबीब तनवीर। हबीब एक फिल्मी अखबार का भी संपादन करते थे, जो सथ्यू ने बंगलौर में देखा था। सथ्यू ने हबीब को खोजा और उनमें दोस्ती हो गयी। वे चर्च गेट के निकट एक फ्लैट में साथ-साथ रहने भी लगे।

चूंकि इप्टा बिखर गया था और फिल्मस्टार बनने की हबीब की कोशिशें कामयाब होती नजर नहीं आ रही थीं, उन्होंने बंबई छोड़ने का तय कर लिया।

1953 में हबीब और सथ्यू, श्रीमती एलिजाबेथ गौबा के मोंटेसरी स्कूल में क्रमश: नाटक तथा कला पढ़ाने के लिए दिल्ली चले आए। इंदिरा गांधी, श्रीमती गौबा की घनिष्ठ मित्र थीं और जब हबीब इस स्कूल में पढ़ाते थे, इंदिरा गांधी के दोनों बेटे यहां पढ़ते थे। सथ्यू और हबीब स्कूल परिसर में ही रहते थे और श्रीमती गौबा के परिवार का हिस्सा ही बन गए थे। उनके मित्रों का लंबा-चौड़ा दायरा था। इनमें मेरी मां, बेगम कुदैसिया जैदी भी शामिल थीं, जिन्हें एक पेशेवर थिएटर ग्रुप बनाने के लिए उत्साहित करने में हबीब कामयाब हुए। मेरी मां लाहौर में पली-बढ़ीं थीं और उनके जीजा अहमद शाह बुखारी (जुल्फिकार मामू के भाई) उन पहले लोगों में से थे, जिन्होंने इम्तियाज अली ताज के साथ लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज में, जहां वह अंग्रेजी साहित्य पढ़ाया करते थे, आधुनिक नाटक किए थे। बेगम ज़ैदी और हबीब ने तय किया था कि वे योरपीय क्लासिक नाटकों और

संस्कृत नाटकों के रूपांतर पेश करने से शुरूआत की जाए। उस समय तक शांकुतलम के अलावा संस्कृत नाटक, हिंदी-उर्दू थिएटर के लिए अपरिचित ही थे। बेगम जैदी खुद अनेक नाटकों का अनुवाद करने में भी जुट गयीं।

इसी बीच जामिया के कुछ मित्रों ने हबीब से अनुरोध किया कि उन्होंने एक नया ग्रुप बनाया था, उसके साथ नाटक करें। 1954 में उन्होंने **आगरा बाजार** लिखा। यह नाटक उन्होंने ग्रामीणों के एक ग्रुप और जामिया के शौकिया अभिनेताओं के साथ किया। इसके बाद, प्रेमचंद की कहानी को आधार बनाकर, **शतरंज के मोहरे** तैयार किया गया। सथ्यू ने इस नाटकों को डिजाइन किया था और उनकी लाइटिंग भी की थी। बाद में वह चेतन आनंद के साथ काम करने के लिए बंबई लौट गए।

1954 की सर्दियों में मेरी मुलाकात हबीब से हुई थी, जो मेरे माता-पिता से मिलने आया करते थे। उस समय मैं मसूरी में एक बोर्डिंग स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ती थी और सर्दी की छुट्टियों में घर आयी हुई थी। मैं बहुत जबर्दस्त तरीके से हबीब पर लट्टू हो गयी, जिस पर वह जरा सा मुस्कुराए भी थे। मैं बसंत में अपने स्कूल लौट गयी और उसी साल बाद में हबीब इंग्लेंड चले गए, लंदन में रॉयल एकेडमी ऑफ ड्रामाटिक आर्ट्स में अभिनय सीखने और बाद में ब्रिस्टल के ओल्ड विक थिएटर स्कूल में निर्देशन सीखने। भ्रमण और अध्ययन करते हुए कई महीने गुजराने के बाद, जिसके दौरान उन्होंने पूरे योरप का दौरा किया था, 1958 में वह भारत लौट आए। इस दौर में से आठ महीने उन्होंने बर्टोल्ट ब्रेख्त द्वारा स्थापित थिएटर, बर्लिनेर एन्सेंबल के नाटकों का अध्ययन करते हुए बिताए थे।

ब्रेख्त के असर से उन्होंने वह सब भुला दिया जो इंग्लेंड में सीखा था। उन्होंने ब्रेख्त के सूत्र को दिल में बसा लिया था कि नाटक में मजा आना चाहिए, जैसे म्यूजिक हॉल में आता है या फुटबाल में। कुछ ब्रेख्तीय अवधारणाओं को तो वह पहले ही **आगरा बाजार** तथा **शतरंज के मोहरे** में आजमा चुके थे, जो उन्होंने ओखला थिएटर ग्रुप के साथ किए थे। बहरहाल, बर्लिनेर ऐन्सेंबल के उदाहरण ने उन्हें इसके लिए उत्प्रेरित किया कि गीत तथा नृत्य का उपयोग नाट्य शैली के ही हिस्से के तौर पर किया जाए। उस समय तक इप्टा के मराठी तथा गुजराती नाटकों में लोक शैली का उपयोग चलन में भी आ चुका था। लेकिन, हबीब से पहले हिंदी-उर्दू थिएटर में ऐसा कोई प्रयोग नहीं हुआ था।

इस समय तक मेरी अम्मी हिंदुस्तानी थिएटर कायम कर चुकी थीं और दो नाटक, **शकुंतला** तथा **खालिद की खाला** खेले जा चुके थे, जो दोनों ही मोनिका मिश्रा के निर्देशन में खेले गए थे। अब हबीब ने **मिट्टी की गाड़ी** के नाम से (अनुवाद मेरी अम्मी ने किया था) शूद्रक के मृच्छकटिकम् की संगीतमय प्रस्तुति करने का फैसला किया। जब नाटक की स्क्रिप्ट को तराशा ही जा रहा था, हबीब अपने परिवार के लोगों से मिलने अपने घर रायपुर चले गए। वहां उनकी भेंट छत्तीसगढ़ की **नाचा** शैली के लोक कलाकारों से एक ग्रुप से हो गयी और वह उनसे इस कदर प्रभावित हुए कि उन्हें **मिट्टी की गाड़ी** में

अभिनय करने के लिए अपने साथ दिल्ली ले आए, जहां उन्हें हिंदुस्तानी थिएटर के पूर्णकालिक अभिनेताओं के साथ काम करना था। इस प्रोडक्शन के लिए गीत लिखने के लिए सथ्यू ने नियाज हैदर को बंबई से बुला लिया। हबीब को वक्त की पाबंदी के हिसाब से कुछ भी लिखकर देने के लिए बाबा नियाज को कभी धमकाना पड़ता तो कभी फुसलाना पड़ता। बहरहाल, आखिरकार स्क्रिप्ट बहुत शानदार बन गयी। दिल्ली के नाटक दर्शकों के लिए यह नाटक में पूरी की पूरी क्रांति थी। आलोचकों ने इसे संस्कृत क्लासिक नाटक का अपमान करार दिया था, लेकिन दर्शकों को नाटक पसंद आ रहा था।

आगे चलकर सुरेश अवस्थी, जो इस प्रोडक्शन के सबसे मुखर आलोचक थे, नाटक की हबीब की नयी शैली के भक्त ही हो गए। इस नाटक में लोक कलाकारों के उपयोग को लेकर मेरी अम्मी का हबीब से जबर्दस्त झगड़ा हुआ था। गर्मा-गर्मी में ही उन्होंने हिंदुस्तानी थिएटर छोड़ दिया, अपना अलग ग्रुप बनाने के लिए। मोनिका मिश्रा, जो शुरू में हबीब को अपने से ऊपर रखे जाने से नाराज थीं, इस बीच हबीब से प्यार कर बैठी थीं और वह भी हबीब के साथ हिंदुस्तानी थिएटर छोड़कर चली गयीं। तब तक मैं भी स्टेज तथा कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग का अध्ययन करने के लिए इंग्लेंड तथा बर्लिन के लिए जा चुकी थी। 1961 में जब मैं लौटकर भारत आयी, तब तक दिल का जबर्दस्त दौरा पड़ने से मेरी अम्मी की मौत हो चुकी थी और हिंदुस्तानी थिएटर रिपेर्टरी कंपनी बंद हो चुकी थी।

हबीब और मोनिका ने शादी कर ली और अपना ही ग्रुप बना लिया, नया थिएटर। नया थिएटर में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के नाचा कलाकार शामिल थे और कुछ हबीब के शहरी मुरीद भी। उन्होंने आगरा बाजार का एक और रूप तैयार किया, जिसमें शहरी व लोक कलाकारों के मिश्रण का प्रयोग किया गया था। वर्षों तक अधिकारियों ने उदारता से, हबीब तथा मोनिका को दिल्ली में सरकार द्वारा निर्मित एक कालौनी में अपने ग्रुप के साथ रहने के लिए जगह दिए रखी और उन्होंने बहुत से स्मरणीय नाटक प्रस्तुत किए।

जहां हबीब तथा मोनिका, लोक तत्वों व नाचा कालाकारों का सहारा लेकर अपने विचारों को मंच पर उतारने में लगे हुए थे, सथ्यू ने और मैंने एक शौकिया ग्रुप के तौर पर हिंदुस्तानी थिएटर को जिंदा रखने की कोशिश की। सथ्यू ने ब्रेख्त के चॉक सर्किल के मेरी अम्मी के अनुवाद को मंच पर उतारा था और मैंने मुद्राराक्षस का निर्देशन करने का फैसला लिया था। नियाज बाबा ने इन नाटकों में पढ़ी जाने वाली कविताओं और गीतों का योग दिया था। लेकिन, मुद्राराक्षस का काम चल ही रहा था कि एक दिन अचानक उन्होंने एलान कर दिया कि उन्हें अब वृंदावन जाना ही जाना है और वह चार महीने तक हमें नजर नहीं आए। तब हबीब ने इस नाटक के गीत पूरे करने का जिम्मा संभाला। कई वर्ष के बाद उन्होंने मुद्राराक्षस की अपनी प्रस्तुति के लिए गीतों की उसी स्क्रिप्ट का उपयोग किया था। हबीब ने नया थिएटर के नये-नये नाटक प्रस्तुत करना जारी रखा, लेकिन हमें हिंदुस्तानी थिएटर को समेटना पड़ा और बंबई के लिए निकलना पड़ा।

चार साल बाद 1969 में, गालिब शताब्दी समारोहों के सिलसिले में मैं लौटकर दिल्ली आयी। हमने गालिब उत्सव के हिस्से के तौर पर अनेक नाटकों तथा अन्य कला प्रदर्शनों को आमंत्रित किया था और इनमें हबीब का एक शानदार नाटक भी था। लेकिन, न जाने किस कारण से उन्होंने इसके बाद फिर कभी उस नाटक का मंचन नहीं किया। हबीब ने पहले तो शहरी व ग्रामीण अभिनेताओं के मिश्रण के साथ काम करना जारी रखा, लेकिन बाद में वह भोपाल चले गए और सिर्फ नाचा कलाकारों के ही साथ काम करने लगे।

इसके बाद, 1974 तक हमारा संपर्क टूटा रहा। चरनदास चोर हबीब ने पहले जयपुर में एक वकशॉप के लिए एक लघु नाटक के रूप में पेश किया था। इसके बाद उन्होंने चिल्ड्रेन फिल्म सोसाइटी के लिए, इसी कहानी पर आधारित श्याम बेनेगल की एक फिल्म के लिए, फिल्म स्क्रिप्ट पर मेरे साथ काम किया था। हबीब ने आगे चलकर इसे एक पूरे नाटक के रूप में विस्तार दिया। **आगरा बाजार** के साथ चरनदास चोर के लिए ही उन्हें सबसे ज्यादा लोग याद करते हैं। उस फिल्म में, एक स्मिता पाटिल को छोड़कर, जिन्होंने राजकुमारी की भूमिका अदा की थी, दूसरे सभी अभिनेता नया थिएटर के नाचा कलाकार थे। हमारे कैमरामैन गोविंद निहलानी उनसे आजिज़ आ जाते थे क्योंकि हरेक टेक में संवाद तथा एक्टिंग को इंप्रोवाइज करना होता था और उसका पिछले शॉट से मेल खाना मुश्किल हो जाता था। यह फिल्म पुरानी कीस्टोन कॉप्स तथा चैप्लिन फिल्मों की शैली में शूट की गयी थी और अब भी काफी मजेदार लगती है।

चरनदास चोर के बाद ही हबीब तनवीर की खास शैली को देश भर में पहचान मिली। और जैसाकि किसी ने कहा है, वह जिंदा किंवदंती बन गए। अलग-अलग लोगों से उनके संबंध में बराबर खबर मिलती रही और यह पढ़ने को मिलता रहा कि किस तरह हिंदुत्ववादी ताकतें उन्हें उत्पीड़ित कर रही थीं, किस तरह उन्हें भोपाल में रेपेर्टरी कंपनी से निकाला गया था और उनके **पोंगा पंडित** के मंचन पर रोक लगाने की कोशिश की गयी थी। एक किस्सा जो वह बहुत खुश होकर सुनाया करते थे, भाजपा की सरकार में मंत्री रहे सिकंदर बख्त का था, जिन्होंने एक सेमिनार में ''उर्दू थिएटर'' के हितों की वकालत की थी। हबीब ने उन्हें बता दिया कि अलग-अलग हिंदी और उर्दू थिएटर जैसी कोई चीज है ही नहीं। दोनों का थिएटर एक ही है। वैसे भी मंत्रीजी को खुद तो नाटक के संबंध में कुछ अता-पता था नहीं। उन्हें पता था तो इसका कि पुरानी मस्जिदें कैसे गिरायी जाएं और हबीब उन्हें आसानी से ऐसी और मस्जिदों की सूची मुहैया कराने के लिए तैयार थे, जिन्हें वे नष्ट कर सकते थे।

2003 में मोनिका के निधन के बाद, हबीब पहले जैसे जोश से काम जारी नहीं रख सके। फिर भी आखिरी सांस तक, थिएटर ही उनका भोजन रहा और थिएटर ही जीवन। 2004 में मुंबई में पृथ्वी थिएटर में हुआ उनके अनेक नाटकों का उत्सव, एक विदाई गीत

की तरह था। उत्सव के दौरान कुछ मौकों पर हमारी मुलाकात हुई थी और उन्होंने मोनिका तथा पुराने दिनों की बातें की थीं। इसके बाद, अब से कुछ ही महीने पहले वह अपने संस्मरणों की प्रस्तावित किताब में से पाठ के एक आयोजन के लिए मुंबई आए थे। हबीब की सांस फूलने लगती थी, जिसके चलते महमूद फारुखी ने कुछ अंशों का पाठ किया था और हबीब ने कुछ सवालों के जवाब दिए थे। उनकी बेटी नगीन ने बताया कि वह जब वह अस्पताल गए, वह अपने संस्मरणों के मोनिका से संबंधित हिस्से तक पहुंचे ही थे। वह इस बार अस्पताल से वापस नहीं लौटे।

थिएटर ही थे हबीब

शांता गोखले

हबीब तनवीर की पहचान इतने पक्के तरीके से ऐसे नाटक से जुड़ गयी है जिसमें छत्तीसगढ़ी अभिनेताओं, बोली तथा कथा सामग्री का उपयोग किया जाता था, कि इस पर यकीन करना ही मुश्किल है कि उन्होंने लंदन में, रॉयल एकैडमी ऑफ ड्रामैटिक आर्ट्स में प्रशिक्षण हासिल किया था। लेकिन, उन्होंने यह भी किया था।

कोर्स के अधबीच में ही उन्हें यह बात समझ में आ गयी थी कि जो प्रशिक्षण उन्हें मिल रहा था, नाटक की उनकी कल्पना के लिए कितना अप्रासांगिक था। उन्होंने यह पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और भारत लौट आए। लेकिन उससे पहले वह लिखते और गाते हुए योरप भर में घूमे। इस भ्रमण का अंतिम लक्ष्य था बर्टोल्ट ब्रेख्त से मिलना, जिनके नाटक के वह प्रशंसक थे। दुर्भाग्य से उनके बर्लिन पहुंचने से पहले ही ब्रेख्त की मृत्यु हो गयी। फिर भी तनवीर वहां रुके ताकि ब्रेख्त के नाटक देख सकें। यह सिर्फ संयोग ही नहीं था कि तनवीर के नाटकों में उतनी ही कहानी गाने सुनाते हैं, जितनी कि संवाद। कम से कम आंशिक रूप से यह ब्रेख्तीय विरासत थी।

जब तनवीर लौटकर भारत आए, वह एक सपना लेकर लौटे थे जिसे योरप के अपने पूरे भ्रमण में उन्होंने पाला-पोसा था। वह शूद्रक का **मृच्छकटिकम** खेलना ही खेलना चाहते थे। उसकी आधुनिकता और मुक्त प्रवाह की प्रकृति में उन्हें अपने लिए चुनौती दिखाई देती थी। उनके दिमाग में ऐसे विचार कोंध रहे थे, जो संस्कृत नाटक के संबंध में विद्वानों के विचारों से उलट थे। दिल्ली में बेगम कुदसिया जैदी का हिंदुस्तानी थिएटर इसमें तनवीर का साथ देने के लिए तैयार था। बेगम ज़ैदी ने हिंदी में उनके लिए नाटक का अनुवाद भी किया था। यहां से आगे अचानक खजाना हाथ लगने की कहानी शुरू होती है। रायपुर में जन्मे तनवीर, नाचा तथा पंडवानी जैसे स्थानीय लोक रूपों के बीच पले-बढ़े थे।

एक बार जब वह घर गए हुए थे, उन्होंने सारी रात नाचा देखा और जो पांच अभिनेता उनकी आंखों के सामने थे उनके अद्भुत अभिनय कौशल से वह पूरी तरह अभिभूत थे। एक आवेग में उन्होंने इन अभिनेताओं से पूछा कि क्या उनके साथ दिल्ली चलेंगे और मिट्टी की गाड़ी में काम करेंगे। वे खुशी-खुशी राजी हो गए। बेगम जैदी सन्न रह गयीं। (''हबीब, थिएटर जवान हसीन चेहरों की मांग करता है, न कि इन विचित्र जीवों की'')। बहरहाल, इससे नया थिएटर यानी हबीब की कर्मभूमि की नींव पड़ गयी।

तनवीर की पत्नी तथा नाटक के पेशे में उनकी साझीदार, मोनिका मिश्रा के साथ ही मदन लाल, शिव दयाल, भुलवा राम, जगमोहन तथा लालू राम नया थिएटर की रीढ़ बन गए। उन्होंने साथ मिलकर इसकी कोशिश की, विफल हुए और फिर-फिर कोशिश की कि छत्तीसगढ़ी अभिनेताओं के कौशलों, उनकी स्वतःस्फूर्त ऊर्जा तथा मूवमेंट व गीत के लिए सहज भावना को, कहानी के प्रवाह तथा समग्र संरचना की तनवीर की समझ के साथ जोड़ा जाए।

तनवीर ने एक बार पृथ्वी थिएटर के लिए एक भेंटवार्ता में कहा था, ''मुझे इस सरल सी बात को खोजने में बरसों लग गए कि मुझे अपने कलाकारों को स्वायत्तता देनी चाहिए; कि मुझे उन्हें उनकी मातृभाषा देनी चाहिए। मुझे बोली की मधुरता का तो पता था, लेकिन मुझे इसका बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि क्या उसे गैर-छत्तीसगढ़ी लोगों तक संप्रेषित किया जा सकता है। इसी ने मुझे रोके रखा था। और उनके सहज न हो पाने के चलते मेरे हाथ हिंदी के खराब रूप लग रहे थे और कमजोर अभिनेता। आखिरकार, मैंने कहा कि 'इसे आजमा कर देखते हैं' और तीन साल की विफलता के बाद 'गांव का नाम ससुराल मोर नाम दामाद' और 'चरनदास चोर' से मुझे रास्ता मिल गया।'' पैंतरा यह था कि छत्तीसगढ़ी बोली का प्रयोग किया जाए, अभिनेताओं को इंप्रोवाइज करने दिया जाए और उनके मूवमेंट, तनवीर के विचारों से मेल खाने लगें, उसी मुकाम नाटक के रूप में स्थायी कर दिया जाए।

1974 का नाटक 'चरनदास चोर' भारत में भी और दूसरे देशों में भी हिट हो गया। इससे पहले के 1954 के हिट 'आगरा बाजार' ने, जो आसानी से फुस्स भी हो सकता था, अगर एक ही मंच पर शहरी अभिनेताओं और ग्रामीण गैर-अभिनेताओं को सफलता के साथ रखने की संभावनाओं को उजागर किया था, तो चरनदास चोर ने आधुनिक शहरी नाटक की बारीकियों को, लोक कलाकारों की जीवंतता के साथ जोड़ने का रास्ता दिखाया। यह पद्धति इसके बाद सभी नाटकों में उनके खूब काम आयी।

छत्तीसगढ़ी अभिनेताओं के साथ काम करना, ''चलो गांव की ओर'' के उस आंदोलन का हिस्सा नहीं था, जिसकी हवा 1970 के दशक में भारत के सामाजिक तथा नाट्य हलकों में चल रही थी। तनवीर ने बताया कि वह कोई ऐसे रूपों के पीछे नहीं दौड़ रहे थे, जिनका वे सजावट के तत्वों के रूप में प्रयोग कर लेते। वह तो लोक कलाकारों के पीछे

दौड़ रहे थे और वह भी उस जीवंतता, अभिनय तथा गायन के कौशलों के लिए, जो वे ही नाटकों में ला सकते थे। वह उनकी महान सांस्कृतिक परंपराओं का हिस्सा बनना चाहते थे और इस प्रक्रिया में उन परंपराओं तथा अभिनेताओं के बने रहने में मदद करना चाहते थे। इन अभिनेताओं को 5-6 हजार रुपए महीना वेतन मिलता था, जबकि तनवीर को 10 हजार रुपए। किसी लिखित कांट्रैक्ट की जरूरत नहीं होती थी। ये अभिनेता सेनानिवृत्ति लेने या फिर आखिरी सांस तक नया थिएटर के साथ बने रहे क्योंकि यह उन्हें गरिमा के साथ अपनी कला के बल पर जीने का मौका देता था। गांव में वे नीच से भी नीच थे। नया थिएटर के मंच पर वे राजा और रानी थे।

हबीब तनवीर को नहीं लगता था कि सरकारी योजनाओं से लोक कलाओं की मदद हो सकती है। उन्होंने एक बार मुझसे कहा था, ''सरकारी योजनाएं होती हैं सर्वे, बजट, नतीजे की रिपोर्ट। कला कोई सूखा नहीं है कि आप इसकी गिनती कर सकें कि कितने मर गए।'' उन्होने जोर देकर कहा था कि अगर लोक नाटक को जिंदा रहना है, तो उसके लिए उसके भीतर से ही कड़ी मेहनत काम आएगी, न कि बाहर से ''उत्थान।''

तनवीर ने थिएटर के लिए अपनी ललक को, धर्मनिरपेक्ष-उदार मूल्यों में एक समझौताहीन विश्वास और सामाजिक समस्याओं के साथ जीवन भर लंबी मुठभेड़ के साथ जोड़ा था। उनका सबसे प्रकटत: राजनीतिक नाटक, 'हिरमा की अमर कहानी' कुछ आलोचकों को लगा था कि जैसे जनतंत्र के खिलाफ सामंतवाद का पक्ष लेता हो। लेकिन, तनवीर ने ध्यान दिलाया था कि जनतंत्र भी पूरी तरह से पाक-साफ नहीं है। उसका फासीवादी एजेंडा के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसा गुजरात में हुआ था। इसी तरह, सामंतवाद में भी सब काला ही काला नहीं है। उसने कलाओं को प्रोत्साहन भी दिया था। हिरमा की कहानी सुनाकर वह लोगों को सिक्के के दोनों पहलुओं को देखने के लिए ही उत्प्रेरित कर रहे थे।

अपने विश्वासों पर कायम रहना, झूठ का मुकाबला करना, कट्टरता के खिलाफ लड़ना, निजी जाखिम उठाना भी होता है। हबीब तनवीर ने ठीक यही किया था जब उनके नाटक पोंगा पंडित पर हिंदू दक्षिणपंथियों ने हमला किया था क्योंकि उनके लिये यह हिंदूविरोधी था। उन पर और उनके अभिनेताओं पर माइक और पत्थर फैंके गए थे। लेकिन, वह अपनी बात पर कायम रहे और उन्होंने इस सत्तर बरस पुराने लोक नाटक को खेलना जारी रखा।

हबीब तनवीर, थिएटर शब्द के हरेक अर्थ में थिएटर ही थे। उनके निधन से नाटक कला अनाथ हो गयी है।

'रैनेसां विजन' के कलाकार

एम के रैना

हबीब तनवीर एक 'रैनेसां विजन' के कलाकार थे। अगर कुछ ऐसे नाम हैं जिनके काम का भारत का भविष्य रचने में महत्वपूर्ण योगदान रहने जा रहा है, तो उनमें एक नाम हबीब का आता है। बेशक, इन्हीं में एक और नाम हुसैन का है, जिसे उसके अपने देश में ही आने की इजाजत नहीं है। हबीब के इस विजन के ही चलते, उनकी गतिविधि और दिलचस्पी, इस या उस क्षेत्र तक सीमित नहीं रह सकती थी। वह नाटक निर्देशक थे। वह नाटक लेखक थे। वह अभिनेता थे। वह नाटकों के अलोचक थे। वह कवि थे। वह डिजाइनर थे। वह एक कार्यकर्ता थे। उनकी समझ कोई थिएटर तक ही सीमित नहीं थी। वास्तव में वह धार्मिक विमर्श को भी उतनी ही गहराई से समझते थे। राजनीति को भी और इतिहास को भी। और इस सबके सहारे जब वह अपना नाटक बुनते-बनाते थे, उसमें अपने छत्तीसगढ़ी रूप से भीतर भी, एक सर्वभारतीय नब्ज धड़कती थी। चाहे वह प्राचीन संस्कृत क्लासिक हो या योरपीय क्लासिक, लोक नाटक या एकदम समकालीन, हबीब का नाटक हमेशा आज के संदर्भ से जुड़कर रचा जाता था। और हमेशा खास उदार मानवतावाद की खुशबू से गमकता था।

इसीलिए, हबीब तनवीर के थिएटर को, किसी एक प्रकार के थिएटर के दायरे में रखकर हम नहीं देख सकते हैं। उन्होंने जो थिएटर हमें दिया, उसे कोई एक नाम देना हो तो मैं थिएटर ऑफ एक्सीलेंस या श्रेष्ठता का थिएटर कहना चाहूंगा। लेकिन, यह श्रेष्ठता जनता और उसके दु:ख-दर्द से कटकर, एकांत में बैठकर कला की सेवा के लिए समर्पित किसी कलाकार की कला की श्रेष्ठता नहीं है। इससे ठीक उलट, यह ऐसे कलाकार की श्रेष्ठता है जो जनता और उसके दु:ख-दर्द के बीचौ-बीच और उसके पक्ष में, अपनी कला को खड़ा करता है। वास्तव में उनका थिएटर प्रतिरोध का थिएटर है। उनका थिएटर अवांगार्द थिएटर है।

और इस सबके साथ ही साथ उनका थिएटर विकास का भी थिएटर है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता के प्रसार तथा शिक्षा के लिए, आम लोगों के बीच नाटक के माध्यम से जितना काम हबीब तनवीर ने किया था, शायद ही किसी और नाट्यकर्मी ने किया होगा। सचाई यह है कि अपने अंतिम वर्षों में हबीब तनवीर ने अगर अपने 'नया थिएटर' के साथ भोपाल में डेरा डाल दिया था, तो इसका काफी संबंध साक्षरता से जुड़े उनके काम के तकाजों से भी था। लेकिन, साक्षरता के काम में उनकी दिलचस्पी, साक्षरता का प्रचार करने वाले की सीमित दिलचस्पी नहीं थी। उनकी दिलचस्पी आम लोगों की जिंदगी में साक्षरता से आने वाले बदलाव पर थी। इसीलिए, वह इस काम के बीच से *सड़क* जैसा नाटक निकाल सके, जो उस विकास के औचित्य पर ही सवाल उठाता है, जो आम लोगों की जिंदगियों की बेहतरी की जगह, दूसरे ही आग्रहों से परिभाषित होता है।

छत्तीसगढ़ी कलाकारों के साथ हबीब तनवीर के नाटक की पहचान अभिन्न रूप से जुड़ जाने के चलते, कुछ लोगों को यह भ्रम होता है कि यह कोई ग्रामीण थिएटर या लोक थिएटर है या यह महज छत्तीसगढ़ी थिएटर है। लेकिन, वास्तव में हबीब तनवीर का थिएटर अपनी प्रकट सादगी तथा ग्रामीणता के पीछे, एक बहुत ही सोफैस्टीकेटेड थिएटर है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि उन्होंने सिर्फ छत्तीसगढ़ी नाटक ही नहीं किए बल्कि प्राचीन संस्कृत नाटक, शेक्शपियर के नाटक आदि ही नहीं ब्रेख्त, गोर्की आदि के नाटक भी उतनी की सफलता के साथ और अपने खास रंग में रंगकर पेश किए। उनका थिएटर, आधुनिक नाटक की पूरी जटिलता के साथ जूझता है और पूरी रचनात्मकता के साथ, आधुनिक भारतीय नाटक की दुनिया में अपना खास मुकाम बनाता है। *हिरमा की कहानी* तथा *देख रहे हैं नैन,* अपने कथ्य की जटिलता के लिए और *शांतिपुर की शाजाबाई* अपने रैडीकल कथ्य के लिए, आधुनिक हिंदुस्तानी थिएटर में भी बहुत ही दुर्लभ उदाहरणों में गिने जाएंगे। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि ब्रेख्त के बाद, यह पहला आधुनिक नाटककार था जो अपने नाटकों के बीच खुद लिखता था। और जिसके नाटक जितना संवादों से बोलते थे, उतना ही अपने गीत-संगीत से।

कहने की जरूरत नहीं है कि परंपरागत छत्तीसगढ़ी कलाकारों के कौशल तथा उनकी जीवंतता के साथ, अपना थिएटर रचते हुए हबीब तनवीर ने गुमनामी के अंधेरे में रहने वाले इन कलाकारों को राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति दिलायी और मंच दिलाया। बेशक, यह भी हबीब तनवीर की जन पक्षधरता से ही निकला था। इन कलाकारों को, जिनमें ज्यादातर या भूमिहीन आदिवासी हैं या दूसरी निचली जातियों के गरीब, उनकी लुटी हुई इज्जत वापस मिली, इंसान के रूप में अपनी पूरी पहचान मिली। इतना ही नहीं, इससे एक आंदोलन जैसा भी खड़ा हुआ। नाटक में काम करने वाले बहुत से लोग जैसे रतन थिएम, बंसी कौल और मैं भी, महानगरों से निकल कर दूसरे इलाकों में इस समझ के साथ गए कि अगर नया कुछ करना है, तो गांवों के कलाकारों को साथ लिया जाए। आखिरकार, शहरी

कलाकारों के अनुभव का दायरा सीमित होता है।

हबीब तनवीर को मैं शुरू से ही काम करते हुए देखता रहा हूं और उनके काम से सीखता रहा हूं, किंतु दूर से ही। एकलव्य जैसा संबंध कह सकते हैं। वास्तव में जब वह *आगरा बाजार* कर रहे थे, उसमें मुझे एक छोटा सा रोल भी मिला था। किंतु हबीब साहब की रिहर्सल रात दस बजे शुरू होती थी और मैं दूर रहता था। उस नाटक में मैं काम नहीं कर पाया। पर उनसे संवाद निरंतर बना रहा। उनका काम देख-देखकर और उनसे निजी बातचीत से मैंने बहुत कुछ सीखा। अब से कुछ ही वर्ष पहले की बात है, कोलकाता में पुनर्जीवित किए गए टैगोर थिएटर फेस्टिवल में एक आयोजन में मैंने महात्मा गांधी तथा टैगोर के पत्राचार व संवादों के संकलन ''महात्मा एंड पोइट'' पर आधारिए एक प्रस्तुति की थी। इसका शीर्षक था, ''स्टे यट अव्हाइल''। विषय और मूल संवाद की भाषा को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्तुति अंग्रेजी में ही थी। हबीब तनवीर, इस प्रस्तुति पर आयोजित चर्चा की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्हें प्रस्तुति पसंद आयी तो उन्होंने अपनी खास विनोदपूर्ण शैली में शिकायत की— इसने तो कुछ कहने के लिए गुंजाइश ही नहीं रहने दी है।

हबीब के पिछले जन्म दिन से कुछ रोज पहले मैं भोपाल गया था, उनसे मिलने। मगर जैसाकि होना ही था, हमारी ज्यादातर बातचीत समकालीन नाटक पर ही होती रही। वास्तव में आधुनिक नाटक का जो स्वरूप बन रहा है, उसे लेकर वह काफी चिंतित थे। वह देख रहे थे कि महानगरीय प्रस्तुतियों में प्रौद्योगिकी हावी होती जा रही है। वह स्पष्ट थे कि बहुत ही मंहगे उपकरणों और अन्य साधनों के सहारे चलने वाला ऐसा थिएटर, महानगरों के ही बस की बात है, अपेक्षाकृत छोटे शहरों के बस की भी नहीं। उनका यह भी कहना था कि इस थिएटर में अभिनेता की जगह कहां है, अभिनेता तथा अभिनय की जगह कहां है? हमारे आज के थिएटर को इन सवालों के जवाब खोजने ही होंगे।

सफदर की हत्या के खिलाफ बुद्धिजीवियों तथा कलाकारों की जो एकजुटता सामने आयी थी, उसमें हबीब तनवीर आगे-आगे थे। उसी समय मैंने उन्हें सचमुच बेहद विक्षुब्ध देखा। एक मौके पर तो उन्होंने यह सवाल तक पूछा कि क्या ऐसे हमलों से अपनी हिफाजत के लिए कलाकारों को हथियार उठाने होंगे? **सहमत** की स्थापना के समय से ही वह सहमत के साथ जुड़े रहे थे और भीष्म साहनी के गुजरने के बाद से, **सहमत** के ट्रस्ट के चेयरमैन थे। सांप्रदायिकता की ताकतों के खिलाफ वह जितने मुखर थे, उसी के जवाब के तौर पर हिंदुत्ववादी ताकतों ने उनके नाटक ''जमादारिन/ पोंगा पंडित'' को हिंदूविरोधी करार देकर हमलों का निशाना बनाया था। लेकिन, यह हबीब के काम की और जनता के बीच उनके काम की जड़ों की ही ताकत थी कि भाजपा-आर एस एस के सारे हमले, उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ पाए। आधुनिक हिंदुस्तानी नाटक ही नहीं, आधुनिक हिंदुस्तानी (हिंदी+उर्दू +छत्तीसगढ़ी) समाज व संस्कृति का जब भी जिक्र आएगा, उसके निर्माताओं में एक नाम हबीब तनवीर का भी होगा।

हबीब साहब ने थिएटर को कई अर्थों में नया किया

प्रयाग शुक्ल

हबीब साहब हमेशा एक ऐसे सृजनधर्मी व्यक्ति के रूप में याद किए जाएंगे, जिसका गहरा रिश्ता केवल थिएटर से न होकर, सभी कला माध्यमों के लोगों से था। मैं इसका अंदाजा लगा सकता हूं कि आज लेखकों, कवियों, संगीतकारों, फिल्मकारों तथा नृत्यकारों की एक बड़ी जमात की कई पीढ़ियां, उनको कई रूपों में याद कर रही होंगी और आगे भी करती रहेंगी। हबीब साहब ने सभी कला माध्यमों के लोगों के साथ जो रिश्ता बनाया था, उसका कारण सिर्फ यही नहीं था कि थिएटर का स्वयं सभी कला रूपों के साथ एक अर्थपूर्ण संबंध है और एक रंगकर्मी को सभी कला माध्यमों के निकट जाना ही चाहिए। उनका सभी माध्यमों के लोगों से गहरा रिश्ता दरअसल, इंसानी धरातल पर भी था। एक ऐसे धरातल पर जो इस समझ के साथ जन्मा है कि स्वयं व्यक्ति का कला प्रेम तब तक 'पूर्ण' नहीं होता है, जब तक वह मनुष्य समाज द्वारा ईजाद किए गए अभिव्यक्ति के सभी माध्यमों के साथ अपनी निकटता स्थापित न कर ले। मैं उनके द्वारा अभिनीत/ निर्देशित नाटकों में 'मिट्टी की गाड़ी' को एक अन्यतम प्रस्तुति मानता हूं। शूद्रक के इस नाटक में चारुदत्त जिस धरातल पर कला कर्म को समझता है और एक सच्चे रसिक और सहृदय की भूमिका को अंगीकार करता है, उसी धरातल पर हबीब साहब ने अपनी प्रस्तुति की रचना की थी और उसे हर वर्ग के दर्शक के लिए सुबोध, सरस तथा ग्राह्य बनाया था। यह प्रस्तुति इस मामले में भी बेजोड़ थी कि इसमें किसी तरह का तामझाम नहीं था— न वेशभूषा का, न मंच सज्जा का, न अन्य किन्हीं उपकरणों का। अभिनेताओं के भरोसे ही उन्होंने इस नाटक को साकार किया था और लोकरंग में एक शास्त्रीय रचना को संभव किया था। वह

लोक और शास्त्र को अभिन्न मानते थे और दोनों परंपराओं के गहरे रिश्ते से अच्छी तरह वाकिफ थे। इससे भी आगे बढ़कर वह आधुनिक और समकालीन को लोक और शास्त्र के सुमेल में पिरोने में सफल हुए।

अचरज नहीं कि नाट्यशास्त्र के पारखी और विशेषज्ञ भी उनकी प्रस्तुतियों के प्रेमी थे, नाट्यप्रेमी दर्शक भी और आधुनिकबोध में रचे-पगे बुद्धिजीवी भी। दर्शकों से जो प्रेम उन्हें मिला उसकी मिसाल मिलनी कुछ मुश्किल ही है। देश और दुनिया के न जाने कितने शहरों-कस्बों तक वह पहुंचे, अपने नाटकों के साथ और ऐसी छाप छोड़ी कि जो भी उनकी प्रस्तुतियों का साक्षी बना, वह बार-बार उनकी ओर लौटता रहा। 'आगरा बाजार' हो या 'चरणदास चोर' या 'मिट्टी की गाड़ी' या 'कामदेव का सपना, वसंत ऋतु का अपना'— शूद्रक हो या शेक्‌शपियर या रवींद्रनाथ या फिर खुद उनका अपना रचा हुआ कोई नाटक, वह विट् और ह्यूमर के साथ, गायन और वादन के साथ और एकदम यथार्थ सपनीली छवियों के साथ, अपना एक ऐसा मुहावरा बना सके जो दिल को भी छूता था और दिमाग को भी। कई दशकों तक उनकी उपस्थिति जीवंत बनी रही। शारीरिक रोग-शोक तो किसी न किसी मात्रा में पाय: सब को कभी न कभी घेरते हैं, पर मन से और बहुत दूर तक शरीर से भी वह मानो 'युवा' ही बने रहे। वह एक सतत खोजी व्यक्ति थे। सभी कला माध्यमों में उनकी आंखें युवा प्रतिभाओं को खोजती थीं। वह विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में पहुंचते थे और युवतर लेखकों-कवियों, चित्रकारों, रंगकर्मियों आदि का काम भी देखते-सुनते थे।

कविता में उनकी दिलचस्पी गहरी थी। स्वयं कविताएं लिखते थे और उर्दू के शयरों की ढेरों चीजें उन्हें याद थीं। जो लेखक-कवि उनके संपर्क में आए, उन्हें यह अनुभव हुआ कि हबीब साहब समय निकालकर काफी पढ़ने वालों में भी रहे हैं। विश्व साहित्य हो, संस्कृत वांग्मय हो या समकालीन लेखकों-कवियों की कृतियां— इन सब से गुजरना उन्हें प्रिय था। वह कला कर्म को जितनी तवज्जो देते थे, उससे कम जीवन मर्म को नहीं। यही कारण है कि उनकी प्रस्तुतियों को देखते हुए, हम जीवन और कला का स्वाद एक साथ चखते थे।

मैं दिल्ली में 1964 में आया था। ओर इसे एक न भूलने वाला तथ्य मानता हूं कि हम शंभु मित्र, इब्राहीम अल्काजी, हबीब तनवीर, ब0ब0 कारंत-इन सब का काम लगभग शुरू से देख सके। हबीब साहब के 'आगरा बाजार' ने तो हम सबको इस तरह आनंदित प्रभावित किया था कि हम उसे पहली बार देखने की ताजगी को अपनी स्मृति से आज भी ताजा कर सकते हैं। 'जब हम भी चले, साथ चला रीछ का बच्चा' पर मेरी बड़ी बेटी थिरकती थी। मेरे कवि-कथाकार मित्र जितेंद्र कुमार उन दिनों घर आते तो उसे दोहराते। जब हम बड़ी बेटी, जो तब नन्ही सी थी, को तन्मय होकर सुनते हुए देखते, तो एक अपूर्व सुख का अनुभव करते। अब वह बेटी चालीस की है, पर हबीब साहब के न रहने की

खबर पाकर उसे ये पंक्तियां आज फिर याद आयीं–नजीर कीं। हर नाट्य प्रस्तुति किसी तारीख विशेष में प्रस्तुत होकर फिर मिट जाती है। और किसी निर्देशक की कोई प्रस्तुति अपने को पुनः उसी रूप में दोहरा नहीं सकती है, पर अगर उसमें दम शेष रहता है तो उसकी हर प्रस्तुति एक ऐसा रंग अनुभव दे जाती है जो देखने वाले व्यक्ति को भूलता नहीं है। हम जो हबीबजी के नाटकों के दर्शक एकाधिक बार बने, हर बार एक रंग–अनुभव और जीवन अनुभव लेकर ही तो लौटे। वह अनुभव हमारी संचित पूंजी है।

कोई पांच–दस वर्ष पहले की बात है, हम भोपाल में थे और रवींद्र भवन में 'चरणदास चोर' की प्रस्तुति थी। कई बार देखे हुए इस नाटक को फिर देखने की इच्छा हुई। कहीं अटक जाने के कारण मुझे पहुंचने में देरी हुई। जब पहुंचा तो नाटक शुरू होने ही वाला था। भारी भीड़ थी प्रवेशद्वार पर भी। आयोजकों में से किसी ने मुझे पहचान कर सलाह दी मैं मंच के रास्ते से ही हॉल में पहुंचूं। मैं झिझका पर कोई और चारा न था। मंच पर 'चोरी' से पहुंचा तो पहुंचते ही हबीब साहब की नजर मुझ पर पड़ी। वे कान्स्टेबल की भूमिका में थे। मुझे देखते ही विनोदपूर्वक उन्होंने अपना डंडा हवा में लहराया। बोले, 'अच्छा आप हैं, चोरी पकड़ी गई पर कोई बात नहीं, जाइए, जल्दी।' मैं मुस्कुराया। आगे की पंक्ति में सीट खाली थी। बैठ गया। न वह प्रस्तुति भूली है, न उसमें उनका अभिनय, न यह कि दस–बीस नहीं, सैकड़ों उस दिन उनका यह नाटक देख रहे थे। उनमें से बहुतेरे मेरी तरह उसे दूसरी, तीसरी, चौथी बार...।

भला कौन भूल सकता है उनके नाटकों को और उस शख्श को जिसका नाम था हबीब तनवीर! और जिसके ग्रुप का नाम था 'नया थिएटर'। उन्होंने सचमुच थिएटर को कई अर्थों में नया ही तो किया।

हरफनमौला थे हबीब

रामगोपाल बजाज

हबीब तनवीर उन रंगकर्मियों में से एक थे जिन्होंने भारतीय रंगमंच का चरित्र निर्माण किया। अपनी राजनीतिक विचारधारा के बावजूद वे ऐसे संस्कृति पुरुष थे जो अखंड रूप से भारतीय थे। जब उन्होंने 'आगरा बाजार' किया था, तब तक तो आधुनिक भारतीय रंगमंच ही रेखांकित नहीं था। उनकी संस्था 'नया थिएटर' का सबसे बड़ा योगदान यह है कि उसने रंगमंच के बारे में दृष्टि परिवर्तन का काम किया।

यह वह दौर था जब इब्राहीम अलकाजी के नेतृत्व में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंच प्रशिक्षण के पश्चिमी आधुनिक मॉडल का जादू बिखेर रहा था। हमने जब शेक्शपियर, मौलियर तथा महान ग्रीक नाटक देखने के बाद हबीब तनवीर का काम देखा तो हतप्रभ रह गए। हम बेचैन हो उठे। हमारे मन में जो सवाल उठे उनके जवाब राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में नहीं थे। डिजायन, डॉयलाग, रंग, विचारों की स्पष्टता आदि को लेकर हम पश्चिम के प्रभाव में थे। उस प्रभाव के समानांतर हबीब का रंगकर्म एक वैकल्पिक दृश्य रच रहा था। जब 'चरणदास चोर' आया तो हम दंग रह गए। हमें एहसास हुआ कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के प्रशिक्षण में कुछ कमी है।

हबीब साहब के नाटकों की सहजता हमें उनका मुरीद बनाती थी। उनके कलाकार दूसरी तरह के थे। वे शहरी कलाकारों की तरह चिकने-चुपड़े नहीं थे। वे ग्रामीण लोग थे लेकिन मंच पर जब वे अपना जौहर दिखाते तो दर्शक विस्मित रह जाते। हमें लगता कि आम लोगों से हमारा संबंध बन रहा है। देखते-देखते हबीब साहब हम सब के 'दूर के गुरु' बन गए। हम सबने कभी उनसे ट्रेनिंग नहीं ली पर प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। उन्होंने शेक्शपियर और मौलियर व ब्रेख्त के नाटकों को जब छत्तीसगढ़ी में पेश किया तो पूरी दुनिया के ये महान नाटककार अपने लगने लगे। वे हरफनमौला थे। उनके साथ

बतियाने में मजा आता था। एक ओर हम उनसे संस्कृत नाट्यशास्त्र, काव्यशास्त्र, रस सिद्धांत आदि पर बात कर सकते थे, तो दूसरी ओर उर्दू शायरी पर भी। उनका रिश्ता हिंदी साहित्य, नृत्य, संगीत और ललित कलाओं से था। वे न सिर्फ एक बड़े रंग निदेशक थे बल्कि कुशल अभिनेता, संगीतकार और डिजाइनर भी थे। उन्होंने दर्जनों नाटक लिखे। इन दिनों वे अपनी आत्मकथा लिख रहे थे। इन सारी विशेषताओं के बाद भी वे एक भारतीय ग्रामीण की तरह सहज होकर बात करते थे।

हबीब तनवीर का जन्म एक सितंबर 1923 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में हुआ था। यह ध्यान देने की बात है कि जिंदगीभर छत्तीसगढ़ी कलाकारों के साथ काम करने के बावजूद वह आधुनिक शहरी और उच्च शिक्षाप्राप्त रंगकर्मी थे। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से बीए तथा अलीगढ़ मुस्लिम विवि से एमए करने के बाद, रंगमंच का प्रशिक्षण लंदन की रॉयल एकेडमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स (राडा) से प्राप्त किया था। आकाशवाणी मुंबई और दिल्ली दूरदर्शन में काम करने और काफी समय तक इप्टा से जुड़े रहने के बाद, उन्होंने 1954 में दिल्ली में हिंदुस्तानी थिएटर की स्थापना की। आज हम उस संस्था को 'नया थिएटर' के नाम से जानते हैं। उसकी स्थापना उन्होंने 1959 में की। उन्होंने लंबे समय तक, 1970 तक पत्रिकारिता तथा नाट्य समीक्षाएं भी कीं। 1969 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरुस्कार मिल चुका था। 1972 में राज्यसभा के सदस्य मनोनीत किए गए। यही वह दौर था जब रंगकर्म में नये रास्तों की तलाश की बेचैनी उन्हें छत्तीसगढ़ खींच ले गई और शहरी रंगमंच को उन्होंने अलविदा कह दिया।

इस प्रकार हम देखते हैं कि हबीब तनवीर ने भले ही पारंपरिक और लोक कलाकारों के साथ काम किया हो, लेकिन अपने संस्कार और दृष्टि से वे हमेशा आधुनिक बने रहे। इसमें शक नहीं कि उन्होंने दुनिया भर में भारतीय रंगमंच को प्रतिष्ठा दिलवाई। साथ ही भारतीय रंगमंच के जनसंस्कृति मॉडल का वैकल्पिक ढांचा भी खड़ा किया। एक बात हमें आश्चर्य में डालती है कि हबीब तनवीर को जीवन में वह सब मिला जो भारत जैसा एक देश उन्हें दे सकता था। किसी रंगकर्मी का राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया जाना एक बड़ी घटना थी, लेकिन क्या वजह है कि छ:साल तक राज्यसभा में रहने के बावजूद वह सरकार से रंगमंच के पक्ष में कोई बड़ा फैसला नहीं करा पाए। पिछले पांच-दस सालों से उनमें एक खास निराशा दिखाई देती थी। तब हम सोचने लगते थे कि अस्सी साल के इस दिग्गज रंगकर्मी के पास ऐसा क्या नहीं है जिससे वह उदास है। उन्हें राष्टीय नाट्य विद्यालय ने सम्मान के साथ शंभुमित्र पीठ पर आमंत्रित किया था। इन दिनों वह महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर थे। असल सवाल यह है कि उनके जाने के बाद उनकी विरासत को हम कैसे संभालते हैं?

भारतेंदु के सच्चे उत्तराधिकारी हबीब

कमला प्रसाद

हबीब तनवीर के निधन के साथ एक जमाने का अन्त हो गया। थियेटर में हबीब तनवीर युग को भुलाने का साहस किसी में नहीं होगा। तनवीर के बारे में रंगमंच के शीर्ष पुरूष ब.व. कारन्त ने कहा है, 'हबीब तनवीर ने भारतीय संस्कृति को समकालीनता से जोड़ते हुए लोक नाटक को बीसवीं सदी में नयी शक्ति और ऊर्जा प्रदान की है। वे रंगधुनी थे।' हबीब साहब कैसे रंगधुनी रहे हैं, यह वही जानेगा जो उनकी दिनचर्या देखता रहा होगा। काम करते देखता रहा होगा। अथवा उनके साथ काम करता रहा होगा। नाटकों की सृजन प्रक्रिया को अनुभव किया होगा। गोर्की मानते थे कि यह दुनिया और इसमें जीवन की अनन्त रूपात्मकता ही सब से बड़ा विश्वविद्यालय है। जिसने इसमें दाखिला लिया, वह सही अर्थ में विद्वान हुआ। इस विश्वविद्यालय से लगाव हो तो आदमी ज्ञानी और कलाकार क्या नहीं हो सकता। देखिए, जीवन के ही चित्रों से खजुराहो के सौंदर्य का आकार बना और शेक्सपीयर के नाटक बने। भरत ने नाट्य शास्त्र में लोकधर्म का व्याकरण पेश कर उसे पांचवां वेद बना दिया। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने लोक जीवन की अनुकृति में 'अंधेर नगरी' जैसा नाटक लिखा। आजाद भारत में भारतेन्दु के सच्चे उत्तराधिकारी बने हबीब तनवीर। कोई पाठक 'अंधेर नगरी' के बाद 'आगरा बाजार' का पाठ करे तो उसे अनुभव होगा कि जैसे एक शताब्दी की सरिता के ऊपर कोई पुल बन गया है। भारतेन्दु की आत्मा विकास क्रम में जैसे हबीब की चेतना में उतरी हो। देश काल का रंग और अंदाज अलग- अलग पर दोनों में लोक का अनलंकृत स्वभाव। भारतीयता इससे बाहर कहां होगी? बीसवीं शताब्दी के उतरते- उतरते भारतीयता ने एक क्रूर राजनीतिक व्यापार का रूप ले लिया है। ऐसे में हबीब तनवीर की रची दुनिया एक विश्वसनीय जवाब है। मुझे लगता है कि देशप्रेम का मर्म आगरा बाजार, चरणदास चोर, मिट्टी की गाड़ी, बहादुर कलारिन, जिन लाहौर नहीं

देख्या वो जन्म्या ही नई जैसे नाटकों को देखकर प्रतीति में आएगा। ऐसा स्वाभिमान जहां वर्चस्व का भाव हो- लोक स्वभाव के अनुरूप नहीं होता।

हबीब तनवीर के काम को देखने के लिए उनकी कार्यशालाओं के पास जाना चाहिए था। मुझे दो बार यह अवसर मिला। एक बार रीवा विश्वविद्यालय में, दूसरी बार भोपाल में। रीवा की कार्यशाला दक्षिण मध्यक्षेत्र सांस्कृति केन्द्र नागपुर के सौजन्य से थी। वे नया थियेटर की टीम के साथ आए थे। टीम के कलाकार 'देख रहे हैं नैन' का अभ्यास करते और कार्यशाला के लिए चयनित 30-40 युवा रंगप्रेमी हबीब साहब के निर्देशन में अभिनय, नाट्य संगीत तथा रंगमंच की अन्य समस्याओं के बारे में जानते हुए अभ्यास करते। हबीब ने पहले चार- पांच दिन एक जीप से स्थानीय साथियों का सहयोग लेकर कई गांवों का चक्कर लगाया। अंचल में बसने वाली पेशेवर जातियों की लोक कथाओं- लोकगीतों के बारे में जाना और आवश्यकतानुसार संग्रह किया। इसी क्रम में वसदेवा जाति के गीतों में उन्हें कुछ विलक्षणताएं दिखीं। कार्यशाला में जो नाटक तैयार कर रहे थे, उसमें स्थानीय लोक तत्वों का समावेश किया। अभ्यास करते- करते नाट्य संगीत और उसकी धुनें निर्मित कीं। इस तरह जो नाट्य प्रस्तुति हुई, उसे दर्शकों ने अपने आसपास की संस्कृति के रचनात्मक रूपांतरण की तरह देखा।

हबीब साहब की कार्यप्रणाली में यह प्रश्न बार-बार उभरता है कि न उन जैसे नाट्य लेखक हैं और न निर्देशक। कथानक में लोक है और मंच पर अदाकार। लोक के अभिनय में कौशल का वैसे भी ऊपर से दिखना संभव नहीं होता। यहां यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि निर्देशक और नाट्य लेखक हबीब साहब की भूमिका का कोई पक्ष नहीं है। यह प्रश्न खूब होता है, पूरी ताकत के साथ अनुस्यूत होता है। उनके सभी नाटकों में राजनीति है, राजनीति का पक्ष है। वर्गदृष्टि है। शोषित- पीड़ित जनता का पक्ष है। धर्मनिरपेक्ष चरित्र है। शोषकों पर हमला है, उन पर मजाक है, व्यंग्य है। अपने समूचे निहितार्थ में हबीब साहब के नाटक राजनीतिक रंगमंच का निर्माण करते हैं। कार्यशाला के दौरान राजनीतिक रसायन की पहचान करना कठिन नहीं होता। यह प्रक्रिया पात्रों, परिस्थितियों के अपने स्वभाव से उभरती चलती हैं, निर्देशक उन्हीं में घुलमिल जाता है लगता है कि जैसे पिंजड़े की तीलियां बोलने लगी हैं।

हबीब साहब की कार्यशाला संयोजित करने का एक और अवसर मध्यप्रदेश कला परिषद में ही मिला। उनकी ही इच्छा थी कि वे नाट्य लेखन शिविर का निर्देशन करें। जीवन भर का नाट्य लेखन, निर्देशन और अभिनय के अनुभव उनके पास हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से सहयोग लेकर परिषद ने इसे संभव किया। शिविर में लगभग 15 युवा लेखक आए। नया थियेटर के कलाकार सहभागी बने। शिविर के दिनों नेपाल में राजपरिवार की हत्या की घटना सुर्खियों में थी। कार्यशाला आरंभ हुई बातचीत की शक्ल में। युवा लेखकों की कुछ पहले से तैयार पाण्डुलिपियां थीं। उनका पाठ हुआ। चर्चा हुई। एक अन्य कार्यक्रम

^^Nvkyk dkcj Mj** d NvkNr l Mjr D;k gk\ tcfd gj ph t Nb xb gA mlh ikuh e ugkr gk lc feyd] vkj nljk xkuk g d re fdl ?kjku d gk\ okYehdh gk] fu"kkn tk eNyh ekju okyh tkr gkrh g] mUg /khxj Hkh dgr gA rk mldk cVk Fkk ckYehdh] Mkd Hkh Fkk vkj mldk doV Hkh FkkA NÙkhlx<h e doV dgr gA

Rk ; xkuk dl cu tk,xk\ ckYehdh u jkek;.k fy[kh] ; etgc d mld vnj dh cxkor gA mudh viuh ijijk e ektn gA dgr g d ekl&eNyh xnh ph t g] mudk [kkr gk] ;g djr gk] ok djr gk] ,d teku e ckã.k Hkh [kkr Fk ; lc phtA [kn tc ckYehdh d ;gk jke vkj tud x, Fk rc mudh vkoHkxr gb Fkh rk] mld vnj chQ FkkA bfrgkl d vnj ; reke fdLl mBk, gA ch-t-ih- oky bfrgkl dk cny jg gA ; lc e> codQh yxrh g] tk rF; g ok g] ; ugh d vPNk g cjk gA ; ch-t-ih- dk ftEek g ok ljdkj pyk, ftl rjg pykr gA

gekj ;gk bl rjg d fojk/k vkr g tl d Mxfj;k ie dh ^^NNku** ckt dk dgr g vkj ^^fpjb** NkVh fpfM;k] xkj;k dk dgr gA

ok ?kjy fpfM;k vkj ; ckt mldk f'kdkj djrk g ;kuh ml l ie djrk gA fpjb ek'kd dk Hkh dgr gA e rEgkjk djyk] e rEgkjk djknk] ; b'd d vYQkt ,d [krhgj lekt eA

Ukky d ml ikj ejk Nyk g] ie dk xhr gA mle ejk lkoyk ejk djyk] ejk djknkA djknk dh rjg [kÍk ehBk ek'kd cgrj gkrk gA ehB&ehB ek'kd] tk gj ckr dk eku tk, ok D;k ek'kd\ ek'kd ok tk u[kj okyk gk] FkkMk lk [kÍk FkkMk lk ehBk gk] rk ; reke pk'uh bu xhrk e gkrh gA enkuk d b'd dk rjhdk gA

bu xhrk dk euk djr Fk xku dkA bldk vPNh nnhyh vkokt e xku okyk ;k xku okyh ekfgr dj yrh Fkh en dk ;k en vkjr dk vkj bikokbt'ku gkrk FkkA eux<r dfork] dfM;k tkM&tkM dj cukr FkA ,d nlj d tokc e] vkj fQj ekfgr

gk tkr FkA Hkkx tkr g] 'kknh'knk yMfd;k Hkkx tkrh Fkh] dvkjh Hkkx tkrh FkhA blhfy, euk djr Fk vkj ihVr Fk tk ykx ry;k xk;k djr FkA xko d ckgj txy e xkr Fk] unh fdukj tkdjA cofM;k d uhp ikuh Hkkju yMfd;k vkrh Fkh] mudk luku d fy, xkr Fk] ekfgr djr FkA

¼; Hkk"k.k xhr ij [kRe gvk ½

ij.kk]iVuk }kjk vk;kftr lQnj gk'keh lekjkg] 4 tuojh 2002

जिस हबीब नहीं देख्या वो जनम्या ही नईं

राजेंद्र शर्मा

बेशक, समय के चुनाव का अपना ही महत्व था। उसके अपने ही संकेत थे। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री वाजपेयी के लाल किले पर झंडा फहराने के अगले ही दिन से हमलों की शृंखला शुरू हो गयी। वैसे यह भी शुद्ध संयोग ही नहीं है कि हमलों की शुरूआत ग्वालियर से हुई। उसी ग्वालियर से जिसका हमारे प्रधानमंत्री के राजनीतिक और शायद साहित्यिक कैरियर के साथ भी घनिष्ठ संबंध रहा है। ग्वालियर के फौरन बाद, 18 अगस्त को होशंगाबाद में हमला हुआ। 19 अगस्त को सिउनी में। 20 अगस्त को बालाघाट में। 21 को मांडला में। और यह तो सिर्फ एक सप्ताह के हमलों की सूची है। हर जगह हमले का निशाना वही था— प्रख्यात नाट्यकर्मी हबीब तनवीर की नाट्य प्रस्तुति। हर जगह हमले करने वाले वही थे— विहिप-बजरंग दल-आर एस एस-भाजपा यानी संक्षेप में संघ परिवार। और हर जगह हमले के तर्क वही थे— यह हमारे धर्म और संस्कृति पर हमला है और यह हम बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। बर्दाश्त नहीं करेंगे— यानी नाटक नहीं होने देंगे, चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़े। यह दिलचस्प बात है कि ये हमले अगस्त के आखिर तक भी जारी थे, जब भाजपा की अतिरिक्त रूप से भगवा नेता सुश्री उमा भारती ने वाजपेयी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में संसद में आरोप लगाया था कि केसरिया पलटन के हमलों के शिकार नाट्य प्रदर्शनों के जरिए, मध्य प्रदेश की सरकार राज्य में सांप्रदायिक तथा जातिवादी आग भड़का रही है! यहां तक कि छुट-पुट तौर पर ये हमले सितंबर के मध्य में तब तक भी चल ही रहे थे, जब कवि की अपनी टोपी पहनकर हमारे प्रधानमंत्री न्यूयार्क में, भारतीय साहित्य सम्मेलन में हिस्सा ले रहे थे, जिसका आयोजन साहित्य अकादमी के सहयोग से, भारतीय विद्या भवन ने किया था। लाख दुर्भाग्यपूर्ण होते हुए भी यह स्वाभाविक ही है कि देश के सबसे प्रतिष्ठित रंगकर्मियों में गिने

जाने वाले हबीब तनवीर के नाटकों पर इन सुनियोजित हमलों के विरोध की कोई कमजोर सी भी आवाज, अमरीका में भारतीय साहित्य के इस मेले में सुनाई नहीं दी। यह और भी स्वाभाविक है कि 'अपने' ग्वालियर से शुरू हुई हमलों की इस शृंखला में प्रधानमंत्री को ध्यान देने लायक कुछ भी नहीं लगा— न देश की कार्यपालिका के प्रमुख के नाते, न एक कवि के नाते और न ही नागरिक के नाते। फिर भी, यह उनकी कृपा रही कि उन्होंने अपनी ही पार्टी द्वारा मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की दावेदार के रूप में पेश की जा रही सुश्री उमा भारती की तरह, हमले के शिकार को ही अपराधी साबित करने की कोशिश नहीं की। ऐसी उदारता वा कवि मन की!

जरा एक झलक इन हमलों की भी दिखा दें क्योंकि आम तौर पर मीडिया ने समुचित रूप से इनकी खबर देना जरूरी ही नहीं समझा है। 20 अगस्त की एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट का हिंदी रूपांतर कुछ इस प्रकार होगा: 'भाजपा विधायक (इटारसी) सीताराम शर्मा की अगुआई में संघ परिवार के उपद्रवी दस्तों ने, होशंगाबाद के एक प्रेक्षागृह में मंच पर कुर्सियां और सड़े अंडे फैंके। ''पोंगा पंडित-जमादारिन'' का प्रदर्शन शुरू होने के कुछ ही मिनट में यह हो गया...जब पुलिस ने उपद्रवियों को बाहर भगा दिया, उनमें से कुछ बिजली के खंभे पर चढ़ गए और उन्होंने प्रेक्षागृह की बिजली काट दी। नाटक बीच में छोड़ना पड़ा...(इससे पहले 16 अगस्त को ग्वालियर में) प्रेक्षागृह में जिला कलैक्टर तथा पुलिस सुपरिंटेंडेंट की मौजूदगी भी उपद्रवियों को नहीं रोक पायी। नारे लगा रहे गड़बड़ी फैलाने वालों पर जब कलैक्टर की चेतावनी का भी कोई असर नहीं हुआ, पुलिस बल ने जो वहां काफी संख्या में मौजूद था, उपद्रवियों पर लाठियां खड़कायीं और उन्हें खदेड़ कर बाहर कर दिया।' कमोबेश यही कहानी मध्य प्रदेश के उन दर्जनों केंद्रों में दोहरायी गयी, जहां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हो रहे आयोजनों की शृंखला में, मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में, हबीब तनवीर के छत्तीसगढ़ी नाट्य ग्रुप **नया थिएटर** को नाटक खेलने थे। इस कार्यक्रम में दो नाटक प्रस्तुत किए जा रहे थे—''जिस लाहौर नहीं देख्या वो जनम्या ही नईं'' और ''पोंगा पंडत-जमादारिन।'' पहला नाटक विख्यात हिंदी कथाकार असगर वजाहत का है, जिसकी सैकड़ों प्रस्तुतियां नया थिएटर ने पिछले दसेक वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में की हैं। एक प्रकार से देश के विभाजन तथा उसके बुनियादी तर्क का ही नकारने वाली, एक वृद्धा की कहानी के माध्यम से सांप्रदायिकता की संस्कृति पर प्रहार करने वाला यह नाटक बेशक संघ परिवार को हजम नहीं हो रहा था। फिर भी, इस चक्र में हमले तथा कुप्रचार निशाना खासतौर पर ''पोंगा पंडित-जमादारिन'' को बनाया जा रहा था।

बेशक, इस नाटक का निशाना बनाया जाना संघ परिवार की संस्कृति के चरित्र की और भी अच्छी तरह से पहचान करा देता है। इसका एक महत्वपूर्ण पहलू है इस संस्कृति का वास्तविक भारतीय परंपरा तथा जीवन से दूर-दूर तक कोई नाता न होना। प्राचीनता का

झंडा उठाने के अपने सारे स्वांग के बावजूद, वास्तव में यह एकपूरी तरह से बाहरी और वास्तव में एक आधुनिक प्रतिगामी गढ़ंत है, यह ''पोंगा पंडित'' पर संघ परिवार के हमले से जितनी अच्छी तरह से रेखांकित होता है, ऐसे ही दूसरे कई हमलों से शायद नहीं होता होगा। यह गौरतलब है कि उक्त नाटक परंपरागत अर्थ में न तो हबीब तनवीर की रचना है और न ही उनके **नया थिएटर** की। वास्तव में इस नाटक की पहली रचना तीस के दशक में, दो छत्तीसगढ़ी ग्रामीण अभिनेताओं, सुखराम और सीताराम ने की थी। उसी के बाद से पिछले सात दशकों में छत्तीसगढ़ी नाट्यकर्मियों की एक के बाद एक, विभिन्न पीढ़ियां यह नाटक खेलती आयी हैं और इस क्रम में इस नाटक को, जो मूलत: एक प्रहसन है, अपने समय के तकाजों के हिसाब से बदलती तथा विकसित करती आयी हैं। वास्तव में हबीब तनवीर के नया थिएटर में, जो (छत्तीसगढ़ी) लोक नाट्य परंपरा और आधुनिक नाट्य कला का अद्भुत तथा बहुत ही दुर्लभ संगम है, इस ग्रुप में शामिल हुए छत्तीसगढ़ी लोक अभिनेताओं की अपनी विरासत के रूप में यह नाटक आया है। यह ग्रुप भी साठ के दशक से तो इस नाटक को देश के विभिन्न हिस्सों में और तरह-तरह के दर्शक समूहों के बीच खेलता ही आया है। कहने की जरूरत नहीं है कि इस प्रहसन की सैकड़ों प्रस्तुतियों में किसी को भी न तो इसमें कुछ भी आपत्तिजनक लगा और न ही किसी को इसमें कुछ भी हिंदू धर्म तथा संस्कृति पर आघात करने वाला लगा।

लेकिन, संघ परिवार की हिम्मत और हौसले बढ़ने के साथ और उसके खुलकर हमलावर होने के साथ सब कुछ बदल गया। 1992 में बाबरी मस्जिद ढ़हाए जाने के बाद, हबीब तनवीर के ग्रुप की ''पोंगा पंडित-जमादारिन'' की नाट्य प्रस्तुति पर हमले के साथ ही, संघ परिवार ने जैसे संस्कृति के क्षेत्र में अपनी लाठी की ताकत का इस्तेमाल शुरू करने का सार्वजनिक एलान किया। संयोग से, इसकी शुरूआत भी ग्वालियर से ही हुई थी। संघ परिवार ने एक ओर अगर हबीब तनवीर के खिलाफ अपना हमलावर अभियान देश में ही नहीं विदेश तक में जारी रखा, वहीं दूसरी ओर इन दसेक वर्षों में भगवा गिरोहों ने नाटक, सिनेमा, कविता, कथा, पेंटिंग, मीडिया, पाठ्य पुस्तक, समाज वैज्ञानिक अध्ययन आदि, सभी सृजन रूपों व अभिव्यक्तियों पर अपनी भगवा लाठी चलायी है। एम एफ हुसैन की सरस्वती, दीपा मेहता की अधूरी रह गयी फिल्म वाटर, गुलाम अली के गायन कार्यक्रम, इस लाठी के कुछ सबसे चर्चित शिकारों में से हैं। इससे पहले मध्य प्रदेश में ही प्रसिद्ध हिंदी कथाकार उदय प्रकाश की कहानी ''और अंत में प्रार्थना'' की नाट्य प्रस्तुति को भी इसी तरह संघ परिवार के हमले का निशाना बनाया गया था। साफ है कि यह मामला किसी एक हमले का या किसी एक कृति पर हमले का न होकर, बढ़ती हुई फासीवादी सांस्कृतिक तानाशाही का है। ''पोंगा पंडित'' पर हमला बताता है कि यह हमला, हमारी परंपराओं तथा संस्कृतियों में जो कुछ स्वस्थ्य तथा जन-स्वीकृत है, उस सब के खिलाफ है। इस तरह जिस हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति को थोपने की मुहिम चलायी जा रही है, उसका

न तो अधिकांश हिंदुओं के धर्म से कुछ संबंध है और न अधिकांश भारतवासियों की वास्तविक संस्कृति से।

इस हमले के अपने अनेक दूसरे अर्थ भी हैं, जो सभी एक से बढ़कर एक भयावह हैं। आखिर, पोंगा पंडित–जमादारिन'' को हमले का निशाना बनाने के लिए अचानक, संयोग से ही नहीं चुन लिया गया है। इस चुनाव के दो पहलू हैं और दोनों ही इस हमले के चरित्र को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं। पहला पक्ष, इस हमले के लिए एक ऐसे नाटक के चुने जाने से संबंध रखता है जो, जैसाकि नाम से ही स्पष्ट है, पोंगा पंडितों का मजाक बनाता है और वह भी ''जमादारिन'' की जगह पर खड़े होकर। अचरज की बात नहीं है कि संघ परिवार को इसमें 'हिंदू धर्म' और 'भारतीय संस्कृति' पर हमला दिखाई दिया है। संघ परिवार का संस्कृति के साथ संबंध मूलत: एक राजनीतिक तथा वास्तव में एक प्रतिगामी राजनीति का संबंध है, जो वास्तव में अधिकांश सांस्कृतिक सृजन के प्रति शत्रुता के ही रूप में सामने आता है। जैसे एक बार फिर उसी रिश्ते का सबूत पेश करते हुए, संघ परिवार के मंझले स्तर के ज्यादातर नेताओं ने उस नाटक को देखा ही नहीं था, जिसे बाकायदा एक संगठित अभियान चलाकर हमलों का निशाना बनाने का वे नेतृत्व कर रहे थे। फिर भी, उन्हें अच्छी तरह से पता था कि उनके निशाने पर क्या है! ***इंडियन एक्सप्रैस*** की (20 अगस्त की) एक रिपोर्ट बताती है: 'जब उनसे पूछा गया कि (नाटक में) आपत्ति किस बात पर है, उन्होंने (भाजपा के मध्य प्रदेश के संगठन महासचिव, कप्तानसिंह सोलंकी ने) जहां यह स्वीकार किया कि उन्होंने नाटक नहीं देखा है, वहीं कहा कि उन्हें बताया गया है कि ''एक व्यक्ति को जूते पहन कर मंदिर में घुसते हुए दिखाया गया है। एक जमादारिन को ब्राह्मण को पीटते दिखाया गया है। यह सीधे हमारी संस्कृति पर हमला है।'' विपक्ष के पूर्व–नेता गौरीशंकर शेजवार ने...पुन: जहां यह स्वीकार किया कि उन्होंने नाटक नहीं देखा है, वहीं कहा,''मुझे नाम पर ही आपत्ति है। यह स्पष्ट रूप से जाति के आधार पर विभाजन पैदा करने की इच्छा को दिखाता है। पंडितों को पोंगा नहीं कहना चाहिए।''

तीन–चौथाई सदी पहले प्रेमचंद ने अपनी कई कहानियों के जरिए एक अनोखा पात्र रचा था—मोटेराम शास्त्री। यह एक सार्थक संयोग है कि लगभग उसी समय छत्तीसगढ़ी लोक अभिनेता द्वय— सुखराम और सीताराम ने 'पोंगा पंडित' रचा था। इन छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों को इसके लिए किस तरह का विरोध झेलना पड़ा होगा हम नहीं जानते हैं, बहरहाल प्रेमचंद को काफी हमलों का सामना करना पड़ा था। उन पर ब्राह्मणों के खिलाफ घृणा फैलाने का आरोप लगाते हुए, उन्हें ''घृणा का प्रचारक'' तक बताया गया। मध्य प्रदेश के पूर्व–विपक्षी नेता, भाजपा के गौरीशंकर शेजवार आज करीब–करीब वैसी ही भाषा बोल रहे हैं। प्रेमचंद ने इन हमलों का जवाब, ''साहित्य में घृणा का स्थान'' लिखकर दिया था, जो इसका एलान था कि जो भी गलत, बुरा, अन्यायपूर्ण है, उसके खिलाफ आवाज उठाना किसी भी रचनाकार का मौलिक कर्तव्य है। हबीब तनवीर ने भी मध्य प्रदेश

में अपने नाटकों का प्रदर्शन तमाम हमलों के बावजूद जारी रख, प्रेमचंद के उसी एलान को दुहराया है। इसी क्रम में राजधानी में 9 अक्टूबर को आयोजित एक गंभीर तथा संकल्पपूर्ण कार्यक्रम में, हबीब तनवीर तथा उनके नया थिएटर ने ''पोंगा पंडित-जमादारिन'' के प्रदर्शन के साथ यह संपल्प दोहराया। इसी मौके पर जारी एक संयुक्त वक्तव्य के जरिए, राजधानी के पचासों प्रतिष्ठित कलाकारों, लेखकों, बुद्धिजीवियों तथा अन्य संस्कृतिकर्मियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ऐसा ही एलान किया : ''कलाकारों, लेखकों तथा साथी नागरिकों के नाते हम हबीब तनवीर पर हमला करने वालों का मुकाबला करेंगे, अपने काम में— रंगमंच पर, मीडिया में, सड़कों पर। और हम यह वैसी ही स्पष्ट तथा जोरदार आवाज में करेंगे, जैसी आवाज हबीब तनवीर के नाटकों की है।'' यानी प्रेमचंद और सुखराम-सीताराम अपने सृजनकर्म से जो लड़ाई लड़ रहे थे, आज भी जारी है। बेशक, यह तसल्ली की बात है कि प्रेमचंद के पक्ष की आवाज आज भी न सिर्फ मौजूद है बल्कि ऐसी आवाज उठाने वाले हबीब तनवीर जैसे इक्का-दुक्का लोग ही नहीं हैं। सृजनकर्मियों की बहुत बड़ी फौज इसमें शामिल है। लेकिन, इस बीच पूरी तीन-चौथाई सदी गुजर भी तो चुकी है! संघ परिवार का यही सांस्कृतिक योगदान है। वह उन प्रतिगामी दावों को दोबारा उछाल रहा है, जिनका निपटारा स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में कमोबेश निर्णायक रूप से किया जा चुका था। अपने सारे राजनीतिक पैंतरों के बावजूद, संघ परिवार सवर्ण प्रभुत्व की संस्कृति का सबसे मुखर तथा सबसे बेशर्म पैरोकार है। और इस तीन-चौथाई सदी में यह पैरोकारी, खुले आम हिंसा के जरिए अपनी बात थोपे जाने तक पहुंच चुकी है।

बहरहाल, इस सवर्ण प्रभुत्व की खुली पैरवी करना अगर सात-आठ दशक पहले प्रेमचंद पर घृणा के प्रचार के आरोप लगाने वालों के लिए संभव नहीं था तो आज, जब अपनी सारी सीमाओं व उलझनों के बावजूद, दलित जागरण काफी आगे पहुंच चुका है, खुले तौर पर ऐसा करना तो और भी मुश्किल था। संघ परिवार ने अपना प्रिय सांप्रदायिक पैंतरा चलते हुए, इसके लिए हबीब तनवीर के नाम और धार्मिक पहचान की ओट ली है। नारों में और धमकियों में बार-बार यह बात दोहरायी गयी है कि हबीब तनवीर को, चूंकि वह मुसलमान हैं, 'पोंगा पंडित' की आलोचना करने का अधिकार नहीं है! चूंकि बुनियादी चिंता कहीं न कहीं सवर्ण प्रभुत्व की रक्षा की है, इसलिए संघ परिवारियों ने यह दलील देते हुए भी इस सचाई की रत्तीभर परवाह नहीं की है कि पोंगा पंडित की जिस आलोचना को उन्होंने हमले का निशाना बनाया है, हबीब तनवीर की नहीं बल्कि मूलत: दो छत्तीसगढ़ी ग्रामीण अभिनेताओं, सुखराम और सीताराम द्वारा पेश की गयी आलोचना है। फिर भी इस दलील के सांस्कृतिक निहितार्थ भयावह हैं कि किसी बुराई की आलोचना करने के लिए, संबंधित समुदाय या समूह से ही होना एक अनिवार्य शर्त है। बेशक, कट्टरपंथी ताकतों की यह मांग कोई नयी नहीं है। लेकिन, सभ्य समाज द्वारा इस मांग का ठुकराया जाना भी कोई नया नहीं है। और इसके कारण स्वत:स्पष्ट हैं।

हमारे जैसे भिन्नताओं के संग–साथ से बने समाज में, इस तरह की शर्त सबसे पहला काम तो उस सारी की सारी रचनाशीलता की ही हत्या का करेगी, जो इन भिन्न पहचानों के बीच आपसी लेन–देन और अंतर्क्रियाओं को अभिव्यक्त करती है। गंगा–जमुनी संस्कृति के हमारे देश के लिए यह परंपरा कितनी महत्वपूर्ण है, इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि यह वास्तव में कबीर से निकली उस पूरी की पूरी धारा को ही अवैध बना देना है, जो धार्मिक विभाजनों के ऊपर खड़े होकर बोलती है। वास्तव में हिंदू और मुस्लिम जैसी अखिल भारतीय सांप्रदायिक पहचानों के संदर्भ में तो, कथित आधुनिक युग से पहले की पूरी की पूरी भारतीय परंपरा ही इन धार्मिक विभाजनों में न अंट सकने वाली परंपरा है। इसी के दूसरे पक्ष के रूप में यह संतों–पीरों से लेकर उन तमाम महान रचनाकारों को खारिज कर देना है जिनकी बात, धर्म–आधारित विभाजनों के आर–पार लोगों तक जाती है। यही वह साझा है जिसकी हत्या कर, संघ परिवार अपने प्रस्तावित सांप्रदायिक विभाजन का, संस्कृति और इतिहास, सभी में अतीत में प्रक्षेपण करना चाहता है। स्वाभाविक ही है कि सृजनकर्मियों के संयुक्त वक्तव्य में इस खतरे की ओर अलग से ध्यान खींचा गया है कि ''इस तरह के हमलों के जरिए वे यह धारणा थोपने की कोशिश कर रहे हैं कि 'मुस्लिम कलाकारों' को हमारे जटिल सामाजिक ताने–बाने के सिर्फ 'मुस्लिम' रंगों को ही प्रस्तुत करने या उनकी आलोचना करने का अधिकार है।'' संघ परिवार का निशाना हमारे साझे जीवन का, हमारी सांस्कृतिक एकता का यही तत्व है, यह एक ओर अगर हबीब तनवीर तथा मकबूल फिदा हुसैन जैसे भारतीय सर्जनात्मकता की पहचान कराने वाले कलाकारों पर उनके हमलों से साबित होता है, तो दूसरी ओर गुजरात के सांप्रदायिक नरसंहार में उन्हीं ताकतों द्वारा वली दकनी का मजार ढहाए जाने से भी साबित होता है। इसी का सबूत बाबरी मस्जिद का ढहाया जाना भी है और संघ के प्रकाशनों में ताज महल, कुतुब मीनार, लाल किला आदि सब को हिंदू इमारतें बताया जाना भी।

इन हालात में रचनाकारों, कलाकारों तथा संस्कृतिकर्मियों के संयुक्त वक्तव्य में हबीब तनवीर के सांस्कृतिक महत्व का रेखांकन करना भी जरूरी समझा गया है। वक्तव्य यह याद दिलाता है कि, '' पिछले अनेक वर्षों में हबीब तनवीर के नाटकों ने एक स्वस्थ ग्रामीण आवाज और आधुनिक विश्व दृष्टि का योग स्थापित किया है। यह बहुत ही खुशकिस्मती की बात है कि हमारे बीच एक ऐसा कलाकार है जो हमारी पारंपरिक विरासत में से बेहतरीन का चयन करता है और उसका प्रयोग कर हमारी आज की सांस्कृतिक जरूरतों, समस्याओं तथा प्रश्नों को संबोधित करता है। बेशक, अपनी कला की वर्षों की साधना तथा जीवन की अविराम शिक्षा से, हबीब तनवीर ने यह मुकाम हासिल किया है। शुरूआती नाटक ***आगरा बाजार*** से लेकर बहु–चर्चित ***मिट्टी की गाड़ी*** तक, हबीब तनवीर और उनके नया थिएटर के नाटकों में भाषा, हास्य, गायन और छत्तीसगढ़ी किसानों तथा आदिवासियों की कहानियों का उत्सव हमें देखने को मिलता है। इससे

सृजित होने वाली सर्जनात्मक जीवंतता का योग, अनोखे आधुनिक भारतीय परिप्रेक्ष्य के साथ होता है। दूसरे शब्दों में हबीब तनवीर का भारत न तो रूमान का भारत है और न ही कट्टरता, संकीर्णता का भारत है। इसके साथ ही उनका भारत ऐसा आत्मतुष्ट, संतुष्ट भारत भी नहीं है, जिसका काम आसान जवाबों से तथा चीजों पर लेबल लगाने भर से चल सकता हो।

''स्वाभाविक तथा तार्किक यही है कि ऐसे सर्जक को हम कृतज्ञता के साथ सराहें तथा उससे सीखें। वास्तव में नया थियेटर के नाटकों का ठीक ऐसा ही स्वागत होता आया है और यह भारत के तथा दूसरे देशों के भी शहरों की ही बात नहीं है बल्कि यही सच उस ग्रामीण भारत का भी है, जिससे उनका नाट्यकर्म प्रेरणा तथा ऊर्जा ग्रहण करता है। लेकिन, जैसे इसी का सबूत देने के लिए कि हबीब तनवीर के नाटक जिस कट्टरता पर प्रहार करते हैं, वह भी हमारे समय की एक वास्तविकता है, हबीब तनवीर तथा उनके नाटकों को हमले का निशाना बनाया जा रहा है।''

और अंत में प्रार्थना की जगह एक सवाल। किस भारत और किस कविता का प्रतिनिधित्व करता है वह प्रधानमंत्री जो हबीब तनवीर जैसी जिंदा किंवदंती के सृजन के खिलाफ 'अपने' परिवारीजनों के हमलों को अनदेखा कर सकता है? क्या धृतराष्ट्र की कोई काव्य परंपरा भी है!

यह था पोंगा पंडित

हबीब तनवीर

भाजपा और संघ परिवार को मेरे साथ क्या बैर हो सकता है? मेरी सांस्कृतिक गतिविधियों में बाधा वो क्यों डालते रहे हैं? आप कहेंगे 'पोंगा पंडित उर्फ जमादारिन' के कारण! लेकिन 'पोंगा पंडित' तो छुआछूत की बुराइयों को उभारता है। यह काम तो गांधीजी ने भी किया था। फिर 'पोंगा पंडित' में कोई अधर्म की बात है ही नहीं, बल्कि असल मायने में यह नाटक धार्मिक भावनाओं को बहुत अच्छे स्थान पर रखता है। क्या संघ परिवार इसलिए इस नाटक का विरोध करता है, इसमें धर्म-ज्ञान की बातें एक शूद्र, यानि एक जमादारिन करती है? या फिर शायद इसलिए कि इसमें एक लोभी पंडित की खिल्ली उड़ाई गई है? फिर तो हमारे पुरोहितों की सारी परम्परा को ही गलत कहना पड़ेगा। आप कहेंगे कि बेचारे राजनीति करने वाले लोग हमारे प्राचीन भारतीय साहित्य और हमारी संस्कृति को क्या जानें? इसमें सच्चाई की कुछ झलक अवश्य है। फिर भला वो प्राचीन भारतीय संस्कृति का दम क्यों भरते हैं? आप कहेंगे आखिर सारे राजनीतिक नेता गांधी जी का नाम लेते हुए गांधी जी की विचारधारा के विरुद्ध काम क्यों करते हैं?

मैं बार-बार कहता रहा हूं कि नाटक 'पोंगा पंडित' न तो मेरा लिखा है, न मेरा निर्देशित। इस पर आप शायद यह कहें कि अर्धसत्य तो सारी राजनीतिक पार्टियों की पालिसी का आधार है, लेकिन सच बात तो यही है कि यह नाटक मेरे होश संभालने के पहले से चला आ रहा है और छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में दिखाया जा चुका है। हजारों लाखों की संख्या में हिन्दू समाज इस नाटक को पिछले लगभग छह-सात दशक से देखता और स्वीकार करता रहा है। इसे देखकर आनंद लेता रहा है और उसमें से किसी एक व्यक्ति ने भी आज तक इसमें कोई आपत्तिजनक बात महसूस नहीं की है। शायद जवाब कुछ लोग यह दें कि गांव वाले क्या जानें? वो तो होते ही हैं गंवार यानि मूरख। लेकिन इस नाटक पर

संघ परिवार के हमलों के बाद भी, जब-जब उनकी मौजूदगी से जरा हटकर, यह नाटक बस्तियों, देहातों या शहरों में दिखाया जाता रहा है कहीं भी कोई ऐसी वैसी घटना देखने में नहीं आई।

फिर एक यह बात भी सच है कि 'पोंगा पंडित' पर हमलों से भी पहले, मेरे नाटक संघ परिवार के हमलों का शिकार रहे हैं। हो सकता है कि मेरा नाम ही गलत हो, लेकिन इस दलील में भी कोई खास दम नहीं है। इसलिए कि मेरे जैसे नाम वाले कुछ लोगों को तो भाजपा अपने दल में स्वीकार करती ही रहती है।

पर एक बात यह भी सोचता हूं कि मेरे नाटकों, कविताओं की रचना और प्रस्तुतियां जो एक बहुत लम्बे-चौड़े काल में फैली हुई हैं, इनमें ऐसी कौन सी आपत्तिजनक बात संघ परिवार को दिखाई दी है? आखिर संस्कृत के बहुतेरे नाटक, शेक्सपियर, मोलियर, ब्रेख्त के नाटकों के अनुवाद, लोक-शैली के प्रसिद्ध नाटक ही तो मैं प्रस्तुत करता रहा हूं। 'देख रहे हैं नैन' जैसे नाटक की तैयारियों में क्यों बाधा डाली गई? लेकिन हो सकता है कि मेरी विचारधारा जो मेरे नाटकों में नहीं, मेरे पब्लिक लेक्चरों में स्पष्ट रूप से प्रकट होती रही है इसमें कुछ उभरकर आ रहा है। इस पर आपत्ति हो तो इस प्रकार का मतभेद बहुत से सामाजिक और राजनीतिक काम करने वालों के भाषणों में मिलता है। इनका जवाब तो आमतौर पर शब्दों में दिया जाता है। ईंट पत्थरों से नहीं दिया जाता है।

बाबरी मस्जिद तोड़े जाने से भी पहले भाजपा ने मेरे थिएटर के काम में बाधा डालना शुरू कर दिया था। मैं आदिवासियों और नया थिएटर के ग्रामीण कलाकारों के साथ बस्तर में एक वर्कशाप कर रहा था। वहां भारी विरोध हुआ। ज्यादा गड़बड़ हुई, तो हम लोगों ने जगह छोड़ने का ही फैसला किया। वहां से डोंगरगढ़ चले गए, इस इरादे से कि 'देख रहे हैं नैन' की रिहर्सल अब वहीं करेंगे।

डोंगरगढ़ में शीतलामाई का मंदिर है। यह मंदिर धीरे-धीरे तरक्की करता रहा है। मैं वहां 1973 से जाता रहा हूं। जब मैं शीतला माई के मंदिर में अपनी मंडली लिए पहुंचा, तो धर्मशाला में बैगन बाई ने सबको खुशी-खुशी ठहराया। मंदिर की इसी फजा के कारण ज्वारा तार की धुन में 'देख रहे हैं नैन' के लिए मैंने उनके मुख्य गीत की रचना की।

अब रही 'पोंगा पंडित' की बात, तो इस नाटक पर संघ परिवार के हमले बहुत तेज हो गए और बहुत लम्बे समय तक खिंचे। उन्हें अपने ढंग की राजनीति करने का एक झूठ, एक बहाना हाथ आ गया। राजनांदगांव के ग्रामीणों ने 1935 में जब इस नाटक की कल्पना की थी, तो इसका नाम 'पोंगा पंडित' ही रखा था। मैंने इसे 1960 में पहली बार देखा। नाटक मुझे बहुत पसंद आया और जब दो एक साल बाद मैंने इसे लोगों को दिखाना शुरू किया तो इस नाटक का नाम 'जमादारिन' रख दिया, क्योंकि नाटक का धार्मिक विषय उसी पात्र के माध्यम से विकसित होता है। 6 दिसम्बर, 1992 में जब संघ परिवार ने बाबरी मस्जिद तोड़ दी और उसके नतीजे में हिन्दुस्तान में चारों तरफ बलवे शुरू हो गए, मैंने

दिसम्बर, 1992 के आखिरी हफ्ते में पहले जेएनयू के पार्क में और 30 दिसम्बर की दोपहर को लॉ फेकल्टी देहली यूनिवर्सिटी के मैदान में सैकड़ों छात्र-छात्राओं के सामने इस नाटक को पेश किया। दूसरे दिन इंडियन एक्सप्रेस के एडीटोरियल पन्ने पर विरोध छपा, जिसे आरगेनाइजर ने भी छापा और मुझे सलमान रुश्दी जैसा बता दिया गया। कोलकाता तक में विरोध की खबरें छपीं।

उसी साल 1993 की गर्मियों में हमें इंग्लैंड से बुलावा आया कि अपने चार नाटक लेकर आओ। आठ शो लीसेस्टर और आठ ग्लासगो में तय हुए थे। लीसेस्टर के हे मार्केट थिएटर के डायरेक्टर जॉन ब्लैक मूर ने मुझे फोन किया कि यहां हिन्दुस्तानी लोगों की एक संस्था आपके नाटक 'जमादारिन' के सिलसिले में आप पर आरोप लगा रही है कि आप हिन्दू विरोधी हैं। विरोध का सिलसिला चला, पर लंदन में नाटक बहुत सफल रहे। वहां मैं 'चरणदास चोर', 'गांव का नाव सुसरार मोर नाव दामाद', 'मिट्टी की गाड़ी' और 'देख रहे हैं नैन' लेकर गया था।

1993 में बाबरी मस्जिद की तोड़फोड़ की पहली सालगिरह पर अयोध्या में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें और दूसरे नाटकों में 'पोंगा पंडित' भी शामिल था। हजारों दर्शक जमा थे। सारी रात प्रोग्राम चलता रहा। लोग सारी रात आराम से देखते रहे। वहां से देहली आकर श्रीराम ऑडीटोरियम के बेसमेंट में 'पोंगा पंडित' प्रस्तुत किया।

देहली के तुरंत बाद नाटक ग्वालियर में मंचित हुआ। यहां पहली बार संघ परिवार ने अपने प्लान के अनुसार नाटक पर हमला आरंभ किया। नाटक के बीच में पीछे की सीटों से कुछ पत्थर मंच पर आए। नाटक बंद हो गया। बाद में पुलिस आ जाने पर उसका प्रदर्शन हुआ।

इस नाटक के 25 शो छत्तीसगढ़ के 25 देहातों में हम दिखा चुके थे। वहां के सयाने लोग नाटक से परिचित थे। उनमें से कुछ ऐसे लोग भी मिले, जो उन पुराने प्रसिद्ध लोक कलाकारों को जानते थे, जो इस नाटक को पहले प्रस्तुत करते रहे हैं। ऐसे लोग यह नाटक एक से ज्यादा बार देख चुके थे। फिर भी आए और देखकर खुश हुए। नौजवानों ने भी आनंद लिया। इसके बाद मध्यप्रदेश आए। ग्वालियर के आसपास पहले छह शहरों में सीहोर, देवास, राजगढ़, शिवपुरी, गुना, मुरैना में शांतिपूर्वक शो हो गए। सातवां शहर ग्वालियर था। यहां फिर विरोध हुआ। बस! अब हमलों का सिलसिला शुरू हो गया। पार्टी आदेश था कि इस नाटक को न होने दिया जाए। चुनांचे इस घटना के बाद जहां-जहां हमने नाटक प्रस्तुत किया, वहां या तो हमले अलग-अलग दिलचस्प रूप में होते रहे या तनाव बना रहा।

रायसेन में सुन रखा था कि गड़बड़ जरूर होगी, मगर नहीं हुई। लेकिन होशंगाबाद पहुंचने पर फिर विरोध हुआ। सिवनी में शो बीच में रुकवा दिया गया। बालाघाट में शो

कामयाबी से हुआ।

मेरे दिल में भी एक विचार था, जो मुझे सताने लगा। मैं सोच रहा था कि आर्ट और कल्चर का काम, वो भी पुलिस के पहरे में? मुझे इन दो चीजों में एक भयानक टकराव महसूस होने लगा। इन विचारों में घिरे हम मण्डला की तरफ बढ़े जा रहे थे। अगला शो मण्डला में आयोजित था। जैसे ही हमारी गाड़ी मण्डला जिले की सरहद में घुसी और हम मण्डला के पास वाले एक गांव में पहुंचे तो मुझे एक ख्याल आया। कलाकार संघ परिवार के आतंक से परेशान हैं। हम पुलिस के संरक्षण से भी परेशान हैं।

पोंगा पण्डित/जमादारिन का पाठ

कोरस–

विराजत हो ही भई

का होथे पढ़े ले ऐसे पोथी अऊ पुरान गा

जाने नहीं तेहा रथे कामा भगवान गा

नर में नारायण हावै भेवा करत हस

जान सुन के पथराव के तेंय सेवा करत हम कथा पोथी बाचे ले का

ऐती वो नाच ले का

का होथे स्थिर नइ तोर इमान

तही बीच डारे पंडित सबों में फरक है तही उर देखाए हस सरग अरु नरक के

तोर मन के भीतर काहे वा वा वा

सिरतोन चरित्तर काहे वा वा वा

जानत हावे लइका अऊ सियान

पंडित – जो है सो कलजुग के विषय में छोटे–छोटे बच्चे लोग खिल्ली उड़ाते हैं। जो है सो कलजुग के विषय में स्नान ध्यान के मारे पूरे शरीर घुल–घुल के पतरे होते जा रहे हैं बेटा।

भकला– हप्ता में एक रोज नहाना चाहिए महराज

पण्डित – अब देखो ना भला ना करे पूजा पाठ, ना करे कभू दान भूखन मरे पोंगवा पंडित, देखो आज काल का ज्ञान

भकला– देखे भगवान, जो देते हैं उसी को करें बदनाम, हे भगवान गरीब के साथी जिसको कभी जूता नहीं मिले उसको चढ़ाते हैं हाथी, क्या अमीर, क्या गरीब, एक पूत बिना तरस रहे हैं सबके नसीब और इधर देखों तो ये हाल है, जय हो महराज की, जय हो महराज जय हो।

पण्डित तू किसका बच्चा है रे?

भकला– उसको तो आप जानते हो महराज। मेरे घर आते जाते नहीं थे महाराज।

पण्डित मैं आता जाता था? लगाऊंगा एक झापड़। बाम्हन बैरागी को बदनाम करता है। मैं क्यों आऊंगा तेरे घर?

भकला– जब तुम आते थे, मेरे पापा घर में नहीं रहते थे, मैं दरवाजे में तुमको रोक लेता था, तब तुम मेरे को टॉफी देते थे।

पण्डित – अच्छा–अच्छा जब छोटे थे तब की बात कर रहे हो बेटा। अरे मैं भूल गया बेटा बहुत दिन हो गया ना, ले ना बता क्या नाम है? तेरे को अपने बाप का नाम नई मालूम रे?

भकला– मैं दानियां का बच्चा हूं महराज।

पण्डित – अच्छा दानियां का बेटा है रे। तेरा बाप जब जिंदा था न तो खूब दान–दक्षिणा दिया करता था, बिचारा मरके देवता हो गया।

भकला– हां महराज मरने से पहले मेरे बाप ने मुझे चेताया था कि जब मैं मर जाऊंगा तो मेरे संगवारी महराज को बुला लेना और कथ नारायण का सट्टा करा लेना।

पण्डित – मत कह, तेरे को कहना नई आता। अरे उसको सत्य नारायण की कथा कहते हैं बेटा। अरे बेटा सरहा नाम शरीर, जो मरता है वो सरता है, उसी को पांच नाम सुनाना है।

भकला– बस वही बात है महराज चलो (दोनों एक चक्कर गोल घूमते हैं)

पण्डित – तेरे पिताजी जब जिंदा थे ना बेटा तो खूब दान दक्षिणा दिया करते थे।

भकला– मैं उससे बढ़के हूं महराज। ले ना बातई बात में मैं अपने ठाकुर को लाना भूल गया।

भकला– ए ददा, महराज सयाने लोग कहते हैं कि अपने आंख में नींद आती है दूसरे के आँख में नई आती। जमाना खराब है, नौकर चाकर पे विश्वास नई करना चाहिये।

पण्डित – सही बात है बेटा।

भकला– सही बात है ना? जाव अपने ठाकुर को भेजना।

पण्डित – तू किस ठाकुर की बात कर रहा है बेटा?

भकला– अरे महाराज ठाकुर माने मालिक, मालिक माने ठाकुर।

पण्डित – मैं वो ठाकुर मालिक की बात नई कर रहा हूं बेटा, मैं मूर्ति की बात कर रहा हूं। मेरे घर में जाना और महराजिन से कहना, वो दे देगी।

भकला–महराजिन से कहूंगा, महराज कह रहे हैं दे दे। तो वे दे देंगी?

पण्डित – हव जा (भकला जाता है) ऊं नमो नमो, भगवते वासुदेवाय नमः जलेर विष्णु फलेर विष्णु शाखा रुद्र काय नमः।

भकला– महराज कहां रखूं इसको?

पण्डित – यहां पर रख दे बेटा आसन बिछा, ऊं नमो नमो भगवते वासुदेवाय नम॰ जलेर...

(भकला आसन बिछाकर बैठता है और गुनगुनाता है)

भकला–दिल मेरा, मिलने को बेकरार है, कहो ना प्यार है। कहो ना...

पण्डित – (गुस्से में भकला को लात मारता है) प्यार है! गद्हा कहीं के। आसन बिछाने को कहा तो अपना ही बिछा के बैठ गया, और हमको प्यार करना सिखा रहा है, अरे प्यार करना है तो भगवान से प्यार कर।

भकला–मैं समझा मेरे लिए बिछाने को कह रहे हैं।

पण्डित (अपनी कथा पोथी को देते हुए ये ले और कथा को तू ही पढ़ ले।)

पण्डित – तेरे को आता है, चल हट। बेटा रे इधर आव दिया लै के आ।

(भकला जाता है और चिमनी लेकर आता है)

पण्डित – ये तो चिमनी है रे, लेम्प लेम्प।

भकला– क्या बात करते हो महराज दिया माने चिमनी, चिमनी माने दिया, मैं आपसे पूछता हूं महराज, इसको ऑफिस में ले जा के रख दो लाइट करेगा, कीचन में ले जाव लाइट करेगा, इसको सामने रखकर पढ़ो लाइट करेगा, इतनी लाइट तुमको दिखाई नहीं देता अंधे कहीं के।

पण्डित – अरे इसको भगवान के जगा में नई रखा जाता बेटा।

भकला– मैं पूछता हूं कौन सी जगा भगवान की नहीं है।

पण्डित – रख रे कंजूस। कभी हम चिमनी में कथा नहीं पढ़े हैं, आज तेरे घर में पढ़ना पड़ रहा है। चल बैठ, नहा लिया बेटा?

भकला– हां महाराज मैं तो उसी दिन से नहा लिया हूं।

पण्डित – ओ हो हो तब से नहाय हो बेटा, हटा हमको क्या करना है, जा अच्छा साफ सुथरा कपड़ा पहन के आ।

भकला– मैं तो पहना हूं, महराज।

पण्डित – क्या पहना है रे दिखा?

भकला– ये देखो, ये पेंट है ये बनियाइन, ये बाप का कोट।

पण्डित – ये तेरे बाप का कोट है, इधर आ इसको अच्छा फैला के पहन, इधर कैसे टंग गया है बेटा?

भकला– ये नीचे नई आवा महराज छोटा होता है।

पण्डित – अरे छोटा नई होता है तेरे को पहनना नई आता है।

पण्डित – इधर आ मैं तेरे को बताता हूं, निकाल (निकाल के देखता है) ये तेरे बाप का-कोट है रे (हंसते हैं) अरे गद्हा ये तो पेंट है रे।

भकला– (और जोरे हंसता है) महराज का दिमाग सठिया गया है, कोट को फुल पेंट बोल रहा है।

पण्डित – आ बैठ और ध्यान से कथा सुनना।

ओम नमो भगवते वासुदेवाय, गोविंदाय नमो नमः

उठ तो (कान पकड़ के उठाता है) जूता पहन के बैठा है गद्हा कहीं के, उतार जूते को।

भकला– मैं पूछता हूं महाराज इतना सुंदर आनंद उत्सव का समय है चार भले लोग आकर बैठे हैं, ऐसे समय में जूता नई पहनूंगा तो क्या सोते समय पहनूंगा?

पण्डित – अरे बेटा भगवान की जगा जूता पहन के नई बैठते।

भकला– ये लो उतार देता हूं। (उतारकर बाजू में रख देता है।)

पण्डित – शाबास बेटा, अब ध्यान से कथा सुनो।

ओम नमो भगवते वासुदेवाय, गोविन्दाय नमो नम... तेरा ध्यान जूते ही में है रे

भकला– मैं किसी तरफ भी देखूं तुम को क्या करना है। तुम अपना ध्यान कथा में लगाओ ना।

पण्डित – अरे बेटा। तेरा ध्यान जूते में रहेगा तो मेरा ध्यान कथा में कैसे लगेगा। कथा होते तक ध्यानपूर्वक बैठो।

अमरनाथ में अमरकथा को कहीं सुनी थी पारवती ने उत्तराखण्ड में लगा के आसन बैठे हैं कैलाशपती अविनाशी। काशी उत्तराखण्ड में बसाई बैठ के गुफी में गौरा को अमरकथा सुनाई वह कथा को एक तोते के बच्चे ने सुनते ही दिया हुंकारा, शिवजी को, शिवजी कहे सब अर्थ समझाई– उठ तो, उठ तो जूता को बगल में दबाके बैठा है, गद्‌हा कहीं के, तभी तो कह रहा हूं मेरी आंख उस तरफ क्यों जाती है।

भकला– जो आदमी एक बार दूध में जल जाता है न महराज, वो छाछ को भी फूंक फूंक के पीता है।

अभी कल की बात है महराज, मैं जूता पहनकर बाजार गया था। मंदिर का घंटा बजा। ठनन। मैं तुरंत प्रसाद के लिए मंदिर के अंदर चला गया। पंडित जी मेरे को जूता पहने देखा तो कहे जूता बाहर निकाल के आव। मैं जूता बाहर निकाल दिया। अंदर गया। पंडित जी के पैर छूआ। प्रसाद दिये। उसको खाया। क्या गल्ती किया महराज?

पण्डित – ठीक किये बेटा।

भकला– मंदिर से जब बाहर आया तो क्या देखता हूं, पता नहीं किसको प्रसाद कम पड़ गया वो मेरा जूता खा गया।

पण्डित – ठीक कहता है बेटा, आजकल आदमी का ध्यान भगवान में नहीं रे। चाहे मंदिर जाव, मस्जिद जाव, गुरुद्वारा जाब, आदमी का ध्यान भगवान में नहीं रहता, खाली जूते में रहता है, ठीक है बेटा मैं देखता हूं तुम्हारे जूते को।

भकला– ठीक है महराज तुम जूता देखो मैं पढ़ता हूं

पण्डित – मैं पढ़ता हूं, गद्‌हा कहीं के।

भकला– मैं पूछता हूं महराज, हांसब , रोवब, फुलावब गालू, ये तीनों नहीं होते भुवालू। या तो हंस लो या फिर रो लो, या मुंह फुला लो, तीनों एक साथ हो सकता है?

पण्डित – नई बेटा, तीनों एक साथ नई हो सकता।

भकला– फिर जूता देखोगे या पढ़ोगे?

पण्डित – ठीक है बेटा मैं कथा पढ़ता हूं तू ध्यान से सुन, हाथ साफ कर ले बेटा (भकला थूक के हाथ पोंछता है साफ करता है) पानी ई है रे?

भकला– मेरा चीज है मैं किसी में भी साफ करूं? हाथ साफ हुआ की नई?

(जमादारिन का झाड़ू लगाते हुए प्रवेश)

जमादारिन– ये सब क्या हो रहा है महाराज?

भकला– तेरी आंख गई है, नई दिखता यहां कथनारायण का सट्टा चल रहा है।

पण्डित – चुप रे गद्हा कहीं के, इसको कहना नई आता, बेटी, यहां सत्यनारायण की कथा हो रही है।

जमादारिन– धन्य भाग हमारे, जहां सत्यनारायण की कथा हो रही है वहां हम पहुंचे हैं।

पण्डित – वाह क्या बात है बेटा सुदामा गरीब के दुख को हरने वाले भगवान कृष्ण मेरे जैसे गरीब की कैसे सुध रखते हैं।

भकला– हव महराज

पण्डित – कौन सी जातहो बेटी?

जमादारिन– हम तो सबसे उत्तम जात हैं महराज।

पण्डित – कौन से उत्तम जात हो बेटी?

जमादारिन– हम महराज, हम तो जमादारिन है महराज।

पण्डित – अरे द दा रेऽऽ अरे बेटा इधर आ रे इधर आ।

भकला– कौन सा कम्बला लाऊं महराज सफेद की काला।

पण्डित – अरे कोई कम्बल नहीं चलेगा रे

भकला क्यों महराज?

पण्डित – अरे वो जमादरिन है रे

भकला–मजादरिन है।

पण्डित – अरे जमादरिन है रे। चल आरती घुमा।

(भकला आरती लेकर स्टेज में घुमाता है)

पण्डित – अरे कहां घुमा रहा है रे।

अरे भगवान मैं आरती घुमाने को कह रहा हूं बेटा। (भकला भगवान के सामने छत्री की तरह आरती घुमाता है) कुछ निकलता है रे?

भकला– नहीं निकल रहा है, छेद छोटा है महराज।

पण्डित – गद्हा कहीं के, आरती घुमाना नहीं आता।

(आरती करके बताता है) ऐसे घुमाना चाहिए बेटा।

भकला फसी को पहले नई बताना था, लो मैं अभी घुमा देता हूं।

पण्डित – चल घुमा मैं आरती पढ़ता हूं।

पण्डित – ओम जय गनपती देवा। स्वामी जय गनपती देवा

भकला– बहुत तान पड़ता है महराज

पण्डित बहुत तान पड़ता है बेटा ये ले (टीका लगाता है) सुख्खा मइयां के पाय लागी। गद्हा कहीं के कोई काम ठीक से नई करता है, सब काम उल्टा– पुल्टा, एक बार तो छत्री जैसे घुमाया, जैसे आटा छान रहा हो, दूसरे बार में अपने ही गले को सेंक रहा है, चल आरती ले (भकला आरती लेकर जाने लगता है) अरे कहां ले जा रहा है रे आरती को।

भकला– तुम्हीं तो कहे महराज आरती लो करके।

पण्डित – अरे आरती लेना भी नई आता रे ऐसे लिया जाता है, आरती, चल पैसा चढ़ा।

पण्डित – नई बेटा पैसा तो चढ़ाना ही पड़ेगा, सुबर से चाय. नई पीया हूं रे

भकला–नई है महराज, बाप कसम नई है,

जमादारिन– हमको भी आरती दो न महराज।

पण्डित– हट तेरे नीच कहीं के बड़ी आयी आरती लेने वाली।

जमादारिन– मैं आरती मैं पैसा चढ़ाऊंगी न महराज।

पण्डित – देख बेटा, आरती पैसा चढ़ाऊंगी कह रही है।

पैसा में कुछ नई होता। चढ़ा दे बेटी, चढ़ा दे। चढ़ा दे। हट तेरे नीच कहां के। न तो इसमें चढ़ा रही न दे रही है। घेरी बेरी मेरे दिल को ललचा रही है।

जमादारिन– आरती बीच में है महराज नोट जल जाएगा।

पण्डित – अच्छा हम हटा देते हैं, छोड़ दे छोड़ दे...।

भकला–ये लो महराज।

पण्डित – जय हो, जय हो, गोपाल की जय हो।

भकला– हूंऽऽ देखो कैसे दिखा रहे थे गुस्सा और लात, चमका जब दस का नोट तो घुसड़ गया जात और पात।

पण्डित–वो तो ऊपर चला गया है ना?

भकला– उसका बांटा महराज

पण्डित – ये ले

भकला– मेरे मां का हिस्सा

पण्डित सब झन एक साथ नई आ जाते।

भकला– वो बाप के लिए रोटी बना रही है ना

पण्डित – अच्छा ऊपर पहुंचाने जायेगी।

भकला– हब और मेरी औरत का

पण्डित–ऐसे लगाऊंगा, गद्हा कहीं के, कौन तेरी औरत का है रे?

जमादारिन– हमको भी परसाद दो न महराजा।

पण्डित – भग तेरे नीच कहीं की बड़ी आई परसाद लेने वाली।

जमादारिन– वा महराज मैं आरती में पैसा चढ़ाई हूं के नई।

पण्डित – आरती में तो चढ़ाई है, परसाद के लिए कहां दिया है?

जमादारिन– दो ना महराज।

पण्डित – अरे ये अंदर घुस गई रे छू देगी, तू ही ले जाके दे दे।

भकला– चल उधर चल, मंदिर में घुसे तो घुसे, ऊपर से कड़वी जबान, इतना भी नई

समझते, यही आजकल का ज्ञान। भगवान के प्रसाद को ऐसे करके खाना चाहिए, बड़े प्रेम से खाना चाहिए, कैसे खाना चाहिए।

जमादारिन– प्रेम से।

भकला– बैठो बैठो सबको मिलेगा, भगवान का प्रसाद सबको मिलेगा, ले चल झोंक।

जमादारिन– दे।

भकला– दोनों हाथ को क्यों मिला दिए, उल्टा हाथ को हटा, पता नई क्या छुए हो न क्या।

जमादारिन– ये लो, कुछ नई छुए हैं भई।

भकला– भगवान के प्रसाद को ऐसे खाना चाहिए, श्रद्धा... से...। (प्रसाद खा लेता है)

पण्डित – गद्हा कहीं के श्रद्धा से खाना चाहिए श्रद्धा से, उसको श्रद्धा सिखा रहा है, खुद प्रसाद को खा रहा है।

जमादारिन– छुवाला काबर उरे भाइ गा छुवाला काबर डरे।

(गीत)– एक तरिया बाम्हन कनोजिया सबो इसनान करे

जबो जात हा पानी तऊरे (युके) तकामे

भेद परे/तब फेर छुवाला काबर डरे

भाइ गा छुवाला डरे।

(अंतरे के बाद आरती को उठाती है)

पण्डित – अरे गजब हो गया बेटा, गजब हो गया अरे, आरती को छू दी रे, अरे उसमें नोट है रे। उसमें नोट है रे... जा उसमें से नोट को निकाल के ले आ।

भकला– ले जाने दो महराज, उसी का तो नोट है।

जमादारिन– खातू में उपजे धान कोदइया, मैला में आलू फरे।

(गीत)– मल मूत्र खुशरे सब पेट भितर बाहिर बर साबून धरे।

त छुवा ला काबर डरे भाइ गा।

(अंतरे के आखिर में शंख उठा लेती है)

पण्डित – अरे महाअनर्थ हो गया रे महाअनर्थ, उसको भी छू दी रे...। उसको भी छू दी रे

नीच कहीं की।

जमादारिन– (शंख दिखाते हुए) ये क्या है महराज?

पण्डित – रामकांदा है रे... रामकांदा।

जमादारिन– ये क्या काम आता है महराज?

पण्डित – खाया जाता है। अपने बाप को खिला देना रे नीच। ये शंख है बजाया जाता है, उ... बोलता है (रोने लगता है)

(जमादारिन शंख को फूंकती है) अरे घोर अनर्थ हो गया रे, शंख को जूठा कर दी रे बेटा मुंह से लगा दी।

भकला– बजाने दो ना महराज, आपसे तो बजता भी नहीं है।

जमादारिन– मछरी कुकरी साग बनत है

जौन हरक नरक–चरे

अतेक तो घिन घिन जिनिस ला खाके मुरदा मा पेट भरे

त छुवाला काबर डरे...

पण्डित – अरे अति अनर्थ हो गया रे, भगवान को भी छू दी रे..., तेरे नीच कहीं की ठाकुर भगवान को भी छू दी।

जमादारिन– ये ठाकुर जी हैं महाराज?

पण्डित – हां रे नीच, ठाकुर जी हैं।

जमादारिन– भगवान हैं, ये क्या काम करते हैं महराज?

पण्डित – ये कोई काम नई करते, सबसे करवाते हैं रे नीच।

जमादारिन– ये खाते–पीते हैं नई महराज?

पण्डित – अरे कुछ नई खाते हैं रे, वो सबको खिलाते हैं रे नीच, सबको खिलाते हैं।

जमादारिन– ये भगवान भी छुआ गया महराज?

पण्डित – अरे हां रे नीच, वो भी छुआ गया।

जमादारिन– तो इसको भी अपने घर ले जाएं।

पण्डित – ले जा..., इसको भी ले जा, उसको भी ले जा और मौका पड़े तो मेरे को भी ले जा।

भकला– और मैं ये चिमनी पकड़ के तेरे चौखट पे चौकीदारी करूंगा।

जमादारिन– एके किसम के सबे चलो स्वर्ण बई बिसरे

(गीत)– एके धरती सधो बसइया सरग में कोंन किजरे/त छुवाला काबर डरे।

(चौथे अंतरे के आखिर में जमादारिन की झाड़ू भकला को लगती है, भकला झाड़ू से अपने कपड़े साफ करता है)

पण्डित – हट बच गया रे, बेटा तुमको जमादारनी की झाड़ू लगी है, बहुत बड़ा पाप लग गया बेटा, बहुत बड़ा पाप, तुमको गंगा सागर जाना होगा, वहां जा के कुण्ड में नहाना, भगवान के दर्शन करना, तब तेरा पाप कटेगा और वापस आते समय मांगते खाते आना, जितना पैसा मिलेगा, मेरे घर पहुंचा देना।

भकला– ऐसे नया धंधा खोले हो।

पण्डित – अरे मेरे को छू के देखे मजा खा जाऊंगा, मजा।

भकला– मजा खा जाऊंगा नई महराज मजा चखा दूंगा कहते हैं।

पण्डित – वो एकी बात है रे।

भकला–चलो मेरे को रास्ता बताव।

जमादारिन– छुआ ला काबर डरे भाई काबर डरे... (गाने के अंत में जमादारिन अपनी टोकरी को पंडित के सिर पर उलट देती है)।

पण्डित आंधी... आंधी...।

भकला–आंधी नई महराज, टू...कनी है टू...कनी।

पण्डित – इसको साफ कर रे बेटा, इसको साफ कर।

भकला– मैं साफ करने वाला नई हूं महराज, साफ करने वाली तो वो खड़ी है।

पण्डित – तेरे नीच कहीं की, चल मेरा चेहरा साफ कर।

जमादारिन– किसमें साफ करूं महराज?

पण्डित – जिसमें साफ करती है, उसी से साफ कर।

जमादारिन– हमको क्या है, हम अभी साफ कर देते हैं।

(जमादारिन झाड़ू से पंडित का चेहरा खरेर देती है)

भकला– सफाई हो गई महराज?

पण्डित – अरे क्या सफाई हो गई रे बेटा और डबल से खरेर दी रे... डबल से...।

भकला– महराज मेरे को झाड़ू की मार लगी थी, तो आप मेरे को गंगा सागर भेज रहे थे, आपको तो झाड़ू और टुकनी दोनों की मार पड़ी है, अब तो आपको मुझसे भी दूर जाना होगा।

पण्डित – मैं कहां जाऊंगा रे?

भकला– अण्डमान निकोबार द्वीप।

पण्डित – अरे वहां से तो मेरा कुछ भी वापस नई आयेगा रे, यहीं कहीं आसपास भोपाल में जमाना बेटा।

जमादारिन– ये आपके हाथ में क्या है महराज?

पण्डित – अरे ये शास्तर है शास्तर।

जमादारिन– इसमें क्या लिखा है?

पण्डित – तेरे को क्या पूछना है तो पूछ।

जमादारिन– अच्छा हम जो पूछेंगे, वो बता दोगो महराज?

पण्डित – अरे पूछे क्या पूछना है, आठों काण्ड मुखाग्र है।

जमादारिन– के सुन ले रे महाराज बता दे हू तुहर कौन घराना आय

(गीत)

पण्डित – हां... अब पकड़े लाइन, ज्ञान वशिष्ठ में कतको भरे है, वो ब्राह्मण हूं मैं।

जमादारिन– ज्ञान वशिष्ठ में कतको भरे हैं, अउ कावर पेट ले जनम धरे हैं

भकला– हां... वो ब्राह्मण है, आप किसके पेट से जनम लिए हो, कुछ पता है आपको?

जमादारिन– सुन ले रे महराज बता दे हू तुहर कौन घराना आय।

(गीत)– जात सिकारी का नीच बताथे देखत में महराज छुवाय।

जौने के लइका वालमिकी ये तेकर ज्ञान सुहाय।

के सुन ले रे महराज बता दे हू तुहर कौन घराना आय।

व्यास मुनि महाभारत गाइन ब्रम्ह ज्ञान के देव कहाइन आय

तौन ढिमरिन के लइका बाम्हण कस बन जाय। के सुन ले...

ज्ञान वशिष्ठ में कतको भरे हे कावर पेट ले जनम धरे हे

भरतद्वाज मुनि शुद्र पिता ये बाम्हण कस बन जाय। के सुन ले...

दासी बेटा आय मुनि नारद ऐसे होइस ज्ञान बि.........

स्वर्ण छुवा में झन हो गारद, भेद बिगड़ तै पाय। के सुन ले...

जमादारिन– सुने महराज, कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करहि तस फल चाखा। आपके जैसे महराज लोग, शिक्षा देते हैं कि आदमी जन्म से नीच नई होता, कर्म से होता है। इस भगवान को आप छुआ गया है कहते हो महराज। तो इसको मैं अपने घर ले जाऊंगी, और सुन्दर स्नान ध्यान करके इसकी पूजा करूंगी।

मूल्य 100 रुपये

ISBN: 978-81-86219-95-9

सितंबर 2009

संपादनः
राजेन्द्र शर्मा

सहमत
29 फिरोज़ शाह रोड
नई दिल्ली – 110 001
फोनः 23070787, 23381276
e-mail: sahmat@vsnl.com

कवर एंव सज्जाः
इश्तिहार (011) 23733100